दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 30 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 02 दिसम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## अब हर मोबाइल में होगा साइबर सिक्योरिटी एप

### सरकार ने कंपनियों को 90 दिन की डेडलाइन दी, 'संचार साथी' एप से 7 लाख फोन रिकवर हुए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अब हर नए स्मार्टफोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी प्री-इंस्टॉल (पहले से डाउनलोड) मिलेगा। केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आदेश में एपल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी मोबाइल कंपनियों को 90 दिन का समय दिया गया है। इस एप को यूजर्स डिलीट या डिसेबल नहीं कर सकेंगे। पुराने फोन पर सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए यह एप इंस्टॉल किया जाएगा। हालांकि यह आदेश फिलहाल पब्लिक नहीं किया गया है, बल्कि चुनिंदा कंपनियों को निजी तौर पर भेजा गया है। इसके पीछे सरकार का मकसद साइबर फ्रॉड, फर्जी आईएमईआई नंबर और फोन की चोरी को रोकना है। संचार साथी एप से अब तक 7 लाख से ज्यादा गुम या चोरी हुए मोबाइल वापस मिल चुके हैं।

## एक बार फिर घटे सिलेंडर के दाम

### कमर्शियल सिलेंडर 10 रु सस्ता हुआ, इस साल 200 से ज्यादा रु तक घटे दाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** साल 2025 के आखिरी माह में पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। साल 2025 की बात करें तो जनवरी शुरू होने से साल के आखिरी तक कॉमर्शियल सिलेंडर 200 रुपए से भी ज्यादा सस्ता हो गया है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट के मुताबिक राजस्थान में आज 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 10 रुपए कम करने के बाद 1618.50 रुपए की जगह 1608.50 रुपए में मिलेगा। जबकि पिछले माह भी कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 5 रुपए प्रति सिलेंडर की कमी की थी।

## मस्क बोले- मेरी पार्टनर दिल से आधी भारतीय

### बेटे का नाम शेखर रखा; कहा-20 साल बाद काम हॉबी होगा, जरूरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क ने एक पॉडकास्ट में कहा कि उनकी पार्टनर शिवोन जिलिस दिल से आधी भारतीय हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम नोबेल विजेता वैज्ञानिक सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर के नाम पर 'शेखर' रखा है। पूरा नाम सेल्डन शेखर लाइकुर्गस मस्क है। मस्क ने कहा कि अमेरिका को भारतीय टैलेंट से बहुत फायदा हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि 10-20 साल में एआई और रोबोटिक्स इतने डेवलप हो जाएंगे कि इंसानों के लिए काम करना जरूरी नहीं रह जाएगा। काम उनके लिए हॉबी की तरह होगा। मस्क ने ये बात ब्रोकिंग फर्म जिरोधा के फाउंडर निखिल कामत के पॉडकास्ट पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ में कही।

## शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी का संदेश

# सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए साफ कहा कि संसद परिसर में ड्रामा करने की बहुत जगहें बाहर हैं, लेकिन सदन में हंगामे की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, खासकर विपक्ष से अपील की कि वे सत्र को सुचारू और गरिमामय तरीके से चलाने में सहयोग दें।

### संसद देश की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र

पीएम मोदी ने कहा कि संसद देश की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र है। ऐसे में यहां नारेबाजी नहीं, बल्कि नीतियों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। नारे नहीं, नीति पर जोर देना चाहिए और इसके लिए नीयत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी पराजय की निराशा से निकलना चाहिए और रचनात्मक चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। कुछ राजनीतिक दल अभी भी बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन संसद निराशा का मैदान नहीं बननी चाहिए।

### नकारात्मकता से देश निर्माण नहीं होता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सत्र किसी पक्ष की निराशा या किसी की विजय के अहंकार का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। नकारात्मकता से देश निर्माण नहीं होता।

### युवा सांसदों को अधिक अवसर देने की जरूरत

वहीं पने संबोधन में पीएम मोदी ने युवा सांसदों को अधिक अवसर देने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के अनुभव और उनकी नई सोच से देश को फायदा होना चाहिए। हमारी युवा पीढ़ी जो नई दृष्टि लाती है, उससे सदन भी लाभान्वित होना चाहिए और उसके माध्यम से देश को भी नए विचार मिलने चाहिए।



### सदन ड्रामा की जगह नहीं

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सदन ड्रामा की जगह नहीं है। यह काम करने की जगह है। हमें जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये शीतकालीन सत्र ये सिर्फ रस्म नहीं है बल्कि राज्य को प्रगति की ओर तेज गति से लेने जाने के जो प्रयास चल रहे हैं उसमें ऊर्जा भरने का काम ये शीतकालीन सत्र करेगा। पीएम मोदी ने सभी दलों को संदेश देते हुए कहा, मेरी सभी दलों से अपील है कि शीतकालीन सत्र में पराजय की बौखलाहट मैदान नहीं बननी चाहिए और यह सत्र विजय के अहंकार में भी परिवर्तित नहीं होना चाहिए। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सोमवार को उम्मीद जताई कि संसद के सभी सदस्य लोकतंत्र की परंपराओं को मजबूत करने और शीतकालीन सत्र को 'प्रोडक्टिव' बनाने के लिए सार्थक योगदान देंगे।

### पीएम के स्पीच बड़ी बातें, कहा- सकारात्मक सोच जरूरी

- विपक्ष ने संसद को या तो चुनावों की वार्म-अप एरीना बना दिया है या फिर हार के बाद हताशा निकालने का मंच। मैं सकारात्मकता लाने के लिए विपक्ष को सुझाव देने के लिए भी तैयार हूं।
- बीते दिनों बिहार चुनाव में भी मतदान में जो तेजी आई है, वो लोकतंत्र की ताकत है। माता-बहनों की भागीदारी बढ़ना एक नई आशा और विश्वास पैदा कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती और इसके भीतर अर्थतंत्र की मजबूती को दुनिया बहुत बारीकी से देख रही है। भारत ने सिद्ध कर दिया है डेमोक्रेसी कैन डिलीवर। विपक्ष चुनावी पराजय से बेचैन है और हार को पचा नहीं पा रहा है।
- राजनीति में नेगेटिविटी काम कर सकती है, लेकिन राष्ट्र-निर्माण के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। नेगेटिविटी को एक तरफ रखिए और राष्ट्र-निर्माण पर ध्यान दीजिए।

## लोकसभा स्पीकर को उम्मीद- सत्र को प्रोडक्टिव बनाने में सार्थक योगदान देंगे सांसद



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सोमवार को उम्मीद जताई कि संसद के सभी सदस्य लोकतंत्र की परंपराओं को मजबूत करने और शीतकालीन सत्र को 'प्रोडक्टिव' बनाने के लिए सार्थक योगदान देंगे।

### संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है और 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 19 दिन के शेड्यूल में 15 बैठकें होंगी।18वीं लोकसभा का छठा सेशन (विंटर सेशन) आज हो रहा शुरू ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 18वीं लोकसभा का छठा सेशन (विंटर सेशन) आज शुरू हो रहा है। संसद देश की उम्मीदों, लोगों की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और चुने हुए प्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी को व्यक्त करने का सर्वोच्च मंच है। उन्होंने कहा, संसद का हर सेशन हमें कर्तव्य, संयम और जनकल्याण की प्रेरणा की ओर भी ले जाता है, जो लोगों के प्रतिनिधित्व की भावना को गहरा करता है। उम्मीद है कि सभी सम्माननीय सदस्य लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं को मजबूत करेंगे और अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से इस सेशन को प्रोडक्टिव बनाने में सार्थक योगदान देंगे।

### इस सत्र में कम से कम 13 बिल पेश किए जाने की उम्मीद

इस सत्र में कम से कम 13 बिल पेश किए जाने हैं, जिनमें बड़े इकोनॉमिक और नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े प्रपोजल शामिल हैं। साथ ही विपक्ष एसआईआर मुद्दे, नेशनल सिक्योरिटी की चिंताओं और कई दूसरे पेंडिंग मामलों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। पेश किए जाने वाले सबसे खास बिलों में सेंट्रल एक्साइज अमेंडमेंट बिल, 2025 और हेल्थ सिक्योरिटी नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 शामिल हैं।

## बंगाल में एसआईआर के विरोध में बीएलओ का प्रदर्शन

### यूपी में असिस्टेंट बीएलओ की सोते-सोते मौत, देश में अब तक 29 की जान गई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता/लखनऊ।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर से स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कई राज्यों से बीएलओ की मौत की खबरें भी आ रहीं हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में सोमवार को सहायक बीएलओ की सोते-सोते मौत हो गई। इससे पहले 30 नवंबर को मुरादाबाद में एसआईआर काम में लगे टीचर ने सुसाइड कर लिया था। राज्य में अब तक 8 कर्मचारियों की जान जा चुकी है। 3 ने सुसाइड, 3 की हार्ट अटैक से और एक की ब्रेन हेमरेज से मौत हुई थी। सात राज्यों में अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 9 बीएलओ की जान गई है। वहीं एसआईआर के विरोध में सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी के ऑफिस के बाहर बीएलओ अधिकार रक्षा कमेटी के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। ठीक उसी समय बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी और पार्टी के कई एमएलए चुनाव अधिकारियों के साथ तय मीटिंग के लिए वहां पहुंचे थे। वहां मौजूद बीजेपी कार्यकर्ताओं से भी प्रदर्शनकारियों की बहस हुई।

# सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी...

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें; कहा- ये तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर




सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे आयरन हैंड से निपटने लायक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया था।

दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।

## पीएम मोदी ने गीता जयंती की दीं शुभकामनाएं, कहा-'गीता के दिव्य श्लोक निष्काम कर्म के लिए करते रहेंगे प्रेरित'

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गीता जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

**कर्तव्य पालन के अनमोल संदेशों से सुशोभित है यह दिव्य ग्रंथ**-प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देशभर के मेरे परिवारजन को श्रीमद्भगवद्गीता के अवतरण से जुड़े पावन दिवस 'गीता जयंती' की ढेर सारी शुभकामनाएं। कर्तव्य पालन के अनमोल संदेशों से सुशोभित यह दिव्य ग्रंथ भारतीय पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन में अत्यंत विशिष्ट स्थान रखता है। इसके दिव्य श्लोक हर पीढ़ी को निष्काम कर्म के लिए प्रेरित करते रहेंगे। जय श्रीकृष्ण।

**गीता मानवता को अनंत काल तक सत्य, करुणा और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा**-केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा, सभी को श्रीमद्भगवद्गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त गीता का ज्ञान योग, कर्म, भक्ति और ध्यान का संतुलन साधते हुए मानव जीवन को सही दिशा देने वाला तथा हर परिस्थिति में सशक्त बनाने वाला पवित्र उपदेश है। यह ग्रंथ मानवता को अनंत काल तक सत्य, करुणा और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**गीता के अमृत-तत्वों को अपने जीवन, कर्म और आचरण में आत्मसात करें**-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लिखा, गीताशास्त्रमिदं पुण्यं यः पठेत्प्रयतः पुमान्। विष्णोः पदमवाप्नोति भयशोका-दिवर्जितः॥ आप सभी को श्रीमद्भगवद्गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ईश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने चराचर जगत के कल्याण हेतु भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग के अद्वितीय संगम से सम्पन्न श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश स्वरूप में विश्व को अनंत प्रकाश प्रदान किया।

आइए, हम सभी गीता के अमृत-तत्वों को अपने जीवन, कर्म और आचरण में आत्मसात करते हुए समाज, राष्ट्र और संपूर्ण विश्व में शांति व सद्भाव के लिए अग्रसर हों।




**श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का सार, धर्म का आधार और कर्म का मार्गदर्शन है**-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का सार, धर्म का आधार और कर्म का मार्गदर्शन है। गीता जयंती के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु जनों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आइए, हम सब मिलकर गीता के संदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' को जीवन में उतारें। जय श्रीकृष्ण।

## दिल्ली ब्लास्ट : कश्मीर-लखनऊ में 8 जगहों पर एनआईए की रेड

### आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर तलाशी की

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला।

एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर



हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक टीमें ऐसे सबूतों की तलाश कर रही हैं जो व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। तलाशियों में नए सबूत मिले या नहीं इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# किसानों से साझा किए डेनमार्क की खेती के अनुभव

- समझाए कम लागत में ज्यादा मुनाफा लेने के तरीके
- कृषक संवाद कार्यक्रम में सुनी किसानों की समस्याएं
- जल उपयोक्ता संगम खरलां को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** राजस्थान किसान आयोग के तत्वावधान में सोमवार को यहां आयोजित कृषक संवाद कार्यक्रम में किसानों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही कृषि उत्पादन में ज्यादा लाभ लेने के तरीकों पर जानकारी दी गई। उन्नत कृषि सम्बंधी उपायों के लिए यहां प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका किसानों ने अवलोकन किया। कृषि सम्बंधी कार्यों की जानकारी के लिए हाल ही में डेनमार्क की विदेश यात्रा से लौटे राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी व पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही किसानों की समस्याएं सुनी व मार्गदर्शन किया।

## जनता व सरकार के बीच सेतु

कार्यक्रम में राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि किसान आयोग जनता व सरकार के बीच सेतु का काम कर रहा है। जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना, उनका निस्तारण करना व किसान कल्याण से संबंधित सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने समन्वित खेती, तारबंदी, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों को मिलने वाले विभिन्न लाभ आदि पर जानकारी दी।

## राज्यमंत्री ने दिया जैविक खेती पर जोर

राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि धीरे-धीरे जैविक खेती की तरफबढ़ना आवश्यक है। इससे खेती में ज्यादा लाभ हो सकता है। वहीं, कृषि कार्यों में नवाचार पर भी जोर दिया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ उठाने का आग्रह किया। कृषि क्षेत्र में सरकारी योजनाओं पर भी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, प्रगतिशील किसान अमरसिंह देवल, मोहन पुरोहित, नारायण माली, रघुभाई माली, रीना गुर्जर, जिला परिषद सदस्य दिलीपसिंह मांडाणी ने विचार व्यक्त किए।



## किसानों को नवाचारों से जुड़ने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान किसानों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागी बनाने व नवाचारों से जुड़ने का आग्रह किया गया। संयुक्त निदेशक शंकरलाल मीणा, हेमराज मीणा, ओमप्रकाश बैरवा, नाबार्ड के दिनेशकुमार, केवीके से सुरेशकुमार, पन्नालाल चौधरी,, प्रदीपसिंह राठौड़, पवनकुमार बरडिया, जितेन्द्रसिंह, कमलेश यादव, विक्रमसिंह मीणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय रेल मंत्री के नाम रेलवे संघर्ष समिति श्री करनपुर ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ रेलवे संघर्ष समिति श्री करनपुर के तत्वाधान में श्रीकरणपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। विभिन्न मांगों को लेकर समिति ने केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक गौरव नारंग को ज्ञापन सौंपा। धरने में शहर के गणमान्य व्यक्तियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थित लोगों में आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेश प्रणामी, समिति संयोजक बलदेव सेन, अग्रवाल समिति अध्यक्ष जितेंद्र जिंदल, अंकुर छाबड़ा, नरेश मित्तल, ललित बंसल आदि शामिल रहे।

मुख्य मांगों में लूप कैनाल रेलखंड की समस्याओं का समाधान, हनुमानगढ़-सूरतगढ़ के बीच वाया गंगानगर एक नियमित साधारण गाड़ी शुरू करना, साधना एक्सप्रेस में हटाए गए कोच पुन: जोड़कर इसे 12 कोच का बनाना शामिल है। साथ ही श्रीगंगानगर-कोटा-झालावाड़ रेलगाड़ी को सप्ताह में तीन दिन की बजाय नियमित चलाने और बीकानेर-अमृतसर ट्रेन के फेरों में वृद्धि की मांग भी उठाई गई। श्रीगंगानगर से जैसलमेर तक नई साधारण ट्रेन शुरू करने की भी आवश्यकता जताई गई।

समिति ने स्टेशन पर अव्यवस्था, खराब साइन बोर्ड, बंद पड़े फव्वारे और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी पर भी नाराजगी जताई। स्टेशन अधीक्षक गौरव नारंग ने कहा कि उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र करवाया जाएगा।

# मोहनदास ट्रस्ट हरिद्वार का मानवीय पहल

## भौनावास में 300 जरूरतमंदों को कम्बल वितरण, संत मंगलदास के सान्निध्य में कार्यक्रम सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ग्राम भौनावास स्थित श्री मोहन गौशाला में सोमवार को मोहनदास ट्रस्ट हरिद्वार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भरतदास धाम टोरड़ा के संत मंगलदास महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ, जहां उन्होंने ट्रस्ट की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि गरीब व वंचितों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है, और ऐसे कार्य समाज में उम्मीद की किरण जगाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुल 300 जरूरतमंद परिवारों को कम्बल वितरित किए गए। गौशाला सचिव डॉ. किशनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहनदास ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष जरूरतमंदों के लिए वस्त्र वितरण जैसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहे हैं।

मोहन गौशाला अध्यक्ष धूडसिंह शेखावत ने अतिथियों का स्वागत किया और ट्रस्ट के इस सामाजिक योगदान को सराहनीय बताया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उपाध्यक्ष नंद बाबा, हंसराज सिंह, बनवारीलाल शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, हरिपाल सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रभुदयाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती ही हमारी प्राथमिकता रहें

## पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने किया कार्यकर्ताओं से आह्वान




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** भाजपा की ओर से सोमवार को यहां वैद्यनाथ महादेव मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं की बैठक एवं मतदाता गहन पुनरीक्षण समीक्षा बैठक हुई। इसमें पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संगठन की मजबूती ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिले से पहली बार भाजपा प्रदेश संगठन में नारायण पुरोहित को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है, इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष व मुख्यमंत्री का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री व नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अभिनंदन किया।

## एसआईआर में सहयोग का आह्वान

राज्यमंत्री ने मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य में भाजपा कार्यकर्ताओं को सहयोग का आह्वान किया। कहा कि प्रवासी व्यवसाय के लिए प्रदेश से बाहर रहते हैं उनके सिरोही में नाम ना कटे इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रयास करना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व मंत्री सीआर चौधरी, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुनराम ने विचार व्यक्त किए। भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, प्रधान हंसमुख मेघवाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इस पंचायत में जो कार्यरत रहा उसी ने धो लिए बहती गंगा में हाथ

- जांच कमेटी की रिपोर्ट में सामने आए तीन वीडीओ के कारनामे
- खुलकर सामने आया पांच वर्षीय कार्यकाल का पूरा भ्रष्टाचार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर पंचायत समिति की रायपुर ग्राम पंचायत में अनियमितताओं की जांच के दौरान भ्रष्टाचार की परतें खुलकर सामने आई है।

बगैर कार्य किए ही भुगतान उठाए जाने एवं नियमों को ताक पर रखते हुए कार्य करने के मामले भी सामने आए हैं। तीन सदसीय जांच कमेटी की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि पांच वर्ष के दौरान न केवल तत्कालीन सरपंच वरन् तीन-तीन ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) इस मामले में सम्मिलित रहे। यानि ग्राम पंचायत में जो भी वीडीओ कार्यरत रहा उसी ने बहती गंगा में हाथ धो लिए। अब देखना है दोषियों पर कितनी सख्ती से कार्रवाई हो पाती है।

**जिला परिषद सीईओ को भेजी रिपोर्ट**-ग्राम पंचायत में हुए कार्यों की शिकायत के बाद पंचायत समिति ने जांच रिपोर्ट के आदेश जारी किए। इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई। इस कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट विकास अधिकारी हेमाराम को सौंप दी है। वहीं, विकास अधिकारी ने भी इस सम्बंध में टिप्पणी लिखते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को रिपोर्ट सुपुर्द कर दी है।

## अनियमितता, गबन व भ्रष्टाचार के आरोप

रायपुर पंचायत में गत पांच वर्षों में हुए कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने पंचायतराज मंत्री व जिला परिषद सीईओ को शिकायत भेजी थी। इसमें गत पांच वर्षों में आबादी भूमि के पुश्तैनी पट्टे, गोचर में पट्टे जारी करने, सरकारी राशि का दुरुपयोग कर राशि का गबन करने, घटिया निर्माण कार्य करवाए जाने, स्वीकृत से अन्य जगह व निजी हित के लिए निर्माण कार्य करवाने के सम्बंध में जांच की मांग की गई थी।

## जांच कमेटी ने इनको माना दोषी

उधर, जांच कमेटी की ओर से जारी रिपोर्ट में तत्कालीन सरपंच व प्रशासक छगनलाल एवं रायपुर पंचायत में कार्यरत रहे ग्राम विकास अधिकारी फाउलाल, हनुमानाराम व श्रवणकुमार आदि को दोषी माना गया है। तकनीकी अधिकारियों को भी जांच कमेटी ने दोषी मानते हुए कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की है। अब देखना है तत्कालीन सरपंच व वीडीओ समेत अन्य कार्मिकों पर कार्रवाई कब तक हो पाती है।

# आईसीएमएम के साथ पार्टनरशिप से हिंदुस्तान जिंक का सस्टेनेबल, फ्यूचर.रेडी ऑपरेशन्स के लिए कमिटमेंट और होगा मजबूत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने सोमवार को इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स में अपनी मेंबरशिप की स्ट्रेटेजिक अहमियत को पुन: सुनिश्चित किया। आईसीएमएम के 26 ग्लोबल माइनिंग और मेटल्स लीडर्स के चुने हुए ग्रुप में इकलौती भारतीय कंपनी होने के नाते, हिंदुस्तान जिंक भारत को सीधे जिम्मेदार मिनरल डेवलपमेंट पर इंटरनेशनल बातचीत के सबसे ऊँचे लेवल पर लाता है।

यह डेवलपमेंट ऐसे अहम समय पर हुआ है जब रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टमए ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चरए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और एडवांस्ड डिजिटल टेक्नोलॉजी के विस्तार से जिंक और सिल्वर जैसे जरूरी मिनरल्स की ग्लोबल डिमांड बढ़ रही है।

हिन्दुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल ने कहा कि, भारत जरूरी मिनरल्स के लिए एक अहम दशक की ओर अग्रसर है, हिन्दुस्तान ज़िंक को ग्लोबल लेवल पर देश के नजरिए को सपोर्ट करने पर गर्व है, जो जिम्मेदार माइनिंग के लिए बेंचमार्क सेट करता है। आईसीएमएम के साथ हमारी पार्टनरशिप इस जरूरी मिनरल्स के दौर में भारत की प्रगति को बढ़ाएगी। साथ ही सस्टेनेबल ऑपरेशन्स और देश के क्लीन.एनर्जी ट्रांजिशन के लिए हमारे कमिटमेंट को और मजबूत करेगी।

हिन्दुस्तान जिंक की मेंबरशिप सिर्फ ग्लोबल जरूरतों को पूरा करने के लिए ही नहीं है। यह दिखाता है कि दुनिया कैसे जरूरी मिनरल्स को सोर्स करती है, प्रोसेस करती है और उन्हें कंट्रोल करती है, जो क्लीन-एनर्जी और भविष्य के लिए तैयार इंडस्ट्रीज के लिए जरूरी हैं।

# एक ही परिवार की चार बेटियों की शाही बिंदौरी, समाज को दिया बेटा-बेटी समानता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** कस्बे में शनिवार को एक प्रेरणादायक और खुशी से भरा दिन देखने को मिला, जब एक ही परिवार की चार बेटियों की शादी की बिंदौरी घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से निकाली गई। इस अनोखे आयोजन ने पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनाते हुए समाज को यह महत्वपूर्ण संदेश दिया कि बेटा और बेटी में कोई भेद नहीं, दोनों समान हैं और दोनों ही परिवार की शान हैं। प्रागपुरा के होली चौक व एक्सईएन कार्यालय के पास रहने वाले रामेश्वर प्रसाद कीना ने अपनी पुत्रियाँ कविता (अंजू) एवं शालू की बिंदौरी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्हें घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकालना हमारे लिए सम्मान की बात है। हम समाज को यही संदेश देना चाहते हैं कि बेटियाँ किसी से कम नहीं। इसी प्रकार रमेश कीना ने भी अपनी पुत्री कनिका (आशा) और कनेश की बिंदौरी में शामिल होकर बेटी-बेटा समानता की भावना को और प्रबल किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शादी को उसी गौरव के साथ मनाना चाहिए जैसे बेटों की। आज का यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बनेगा। महिलाएं मंगलगीत गा रही थी एवं संजी-धजी बेटियां पूरे सम्मान व स्नेह से के साथ घोड़ी पर बैठकर चल रही थी तथा परिजन डीजे पर नृत्य करते चल रहे थे। इस अवसर पर मूलचंद, महादेव प्रसाद, शिम्भू दयाल, भोलूराम जाट, महिपाल कीना, छिम्मा देवी, मूर्ति, कलावती, हंशा, उर्मिला देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं रिश्तेदार मौजूद रहे। बिंदौरी न केवल एक पारिवारिक उत्सव रही, बल्कि इसने पूरे कस्बे में यह सकारात्मक संदेश फैलाया कि जहाँ बेटियों को सम्मान मिलता है, वहीं समाज प्रगति करता है।



# सांसद डॉ रावत ने संसद में पर्यटन स्थलों के विकास की जानकारी मांगी, राजस्थान में चार पर्यटन स्थलों के लिए 180 करोड़

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसड़ी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। इस योजना के तहत कुल 2208.27 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाओं और सीबीडीडी पहल के तहत 648.11 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें राजस्थान में चार परियोजनाओं की स्वीकृति हुई है।

उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ मन्नालाल रावत की ओर से इस संबंध में पूछे गए लिखित प्रश्न पर केंदीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह जानकारी दी। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर यह जानकारी मांगी थी कि क्या देश भर में 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है।

वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट के अंतर्गत चैलेंज मोड के माध्यम से देश में इन 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना की वर्तमान स्थिति क्या है और स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत बजट व्यय क्या है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसड़ी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है।

# जल उपयोक्ता संगम खरलां को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जल संरक्षण व प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जल उपयोक्ता संगम खरलां को छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार प्राप्ति के पश्चात संगम के अध्यक्ष जसकौर सिंह रमाणा ने समस्त काश्तकारों, कार्मिकों अधिकारियों और ग्रामीणों के लिए धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सभी के सतत प्रयासों ,निर्विवाद पर्ची वितरण, जल प्रबंधन एवं वितरण प्रणाली के फल स्वरूप प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चैयरमेन हरविंदर सिंह गिल गैंग कैनाल , जगसीर सिंह सरपंच, दिलबाग सिंह अजहरुद्दीन सहायक अभियंता,बलदेव राज, विशिष्ट स्थिति पतराम, निरंजन सिंह, बलकौर सिंह, बलजिंदर सिंह ,केवल सिंह वाल्लया ,सरबजीत सिंह कर्मजीत सिंह अटवाल, सुरजीत सिंह, लखबीर सिंह गिल, हनुमान प्रसाद ,संदीप कुमार जिलेदार इत्यादि थे।बडिंगा संगम, चक 31एफ 33 एफ, 44 जीजी ,45 जीजी,43 जीजी के काश्तकारों द्वारा जसकौर सिंह रमाणा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एस आई आर ब्लॉक में सबसे पहले पूर्ण करने पर गुरपाल सिंह बराड़ बूथ लेवल अधिकारी खरलां को संगम के अध्यक्षों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच संचालन कन्हैयालाल जगवानी ने किया। कार्यक्रम को अजायब सिंह बुट्टर, अजहरुद्दीन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हरजीत सिंह गिल, जितेंद्र सिंह सरां, राजेंद्र भाटी,रविंद्र बिश्नोई, श्यामलाल छाबड़ा, छोटा सिंह, जसविंदर सिंह इत्यादि सैकड़ो की तादाद में किसान मौजूद थे।

# गैस टैंकर और ट्रेलर में भिड़ंत, बालनाथ आश्रम के सामने बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बालनाथ आश्रम के सामने सोमवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, अपनी लेन में चल रहे गैस टैंकर चालक ने मुख्य सड़क पर बने गड्ढों से बचने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर गैस टैंकर में जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गैस टैंकर का पिछला हिस्सा और ट्रेलर का बोनट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की कतारें दूर तक लग गईं। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी भजनाराम ने अपनी टीम के साथ जाम खुलवाकर यातायात को सुचारू करवाया। इसके बाद क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर प्रागपुरा थाने ले आये।



## श्री गिरिराज परिक्रमा समिति की 23वें विशाल भंडारे को लेकर मीटिंग आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)**। श्री गिर्राज परिक्रमा समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक गिर्राज परिक्रमा समिति के अध्यक्ष शंभू चूलेट की अध्यक्षता में धोली मंडी में आयोजित की गई। बैठक में 27 व 28 दिसंबर को श्री गोवर्धन परिक्रमा समिति द्वारा गोवर्धन धाम में आयोजित होने वाले 23वें भंडारे को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर भंडारे की व्यवस्थाओं को लेकर श्री गिरिराज परिक्रमा समिति के उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत, व्यवस्थापक रामलाल शेरावत, महासचिव डॉ. सीताराम कुमावत, सहायक सचिव गजेंद्र कुमावत व वह सदस्य राजकुमार भोडया ने सुझाव दिए। समिति अध्यक्ष शंभू जूलियट ने बताया कि दिनांक 6 दिसंबर को पुरोहित का मोहल्ला स्थित श्री जानकी वल्लभ मंदिर में शाम 4 बजे से 6:30 के बजे के बीच समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों व समिति से जुड़े लोगों की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें भंडारे की व्यवस्थाएं व जिम्मेदारियां बांटी जाएगी।

ऑफर 3 से 7 दिसंबर तक देशभर के सभी स्टोर्स पर लागू

## फैशन फैक्ट्री का 'फ्री शोपिंग वीक' - 5000 की शॉपिंग पर 2000 पे करो और 2000 के गिफ्ट वाउचर पाओ

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/मुंबई।** रिलायंस रिटेल के पैन-इंडिया फैशन डिस्काउंट डेस्टिनेशन फैशन फेक्ट्री ने अपने खास वैल्यू ऑफर 'फ्री शोपिंग वीक' की घोषणा की है। यह विशेष शॉपिंग इवेंट 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को 5000 मूल्य के कपड़े खरीदकर केवल 2000 का भुगतान करना होगा और बदले में उन्हें वही पूरे 2000 की वैल्यू वापस मिलेगी। जिसमें 1000 के फ्री गिफ्ट, और 1000 के गिफ्ट वाउचर मिलेंगे। ऑफर सीमित अवधि के लिए है। ऑफर में कम से कम 5हजार के कपड़े खरीदने होंगे परंतु ग्राहक की जेब से असल में एक भी रुपया खर्च नहीं होगा यानी कुल वास्तविक खर्च शून्य रहेगा। यह ऑफर खासतौर पर उन परिवारों, युवाओं और फैशन पसंद करने वालों के लिए तैयार किया गया है जो कम बजट में ब्रांडेड स्टाइल चाहते हैं। फैशन फैक्ट्री में वैसे भी रोज़मर्रा की शॉपिंग पर 20प्रतिशत से 70प्रतिशत तक की छूट मिलती है, और अब यह फेस्टिव ईयर-एंड ऑफर वॉर्डरोब अपडेट करने का सुनहरा मौका बन गया है। 'फ्री शोपिंग वीक' का लाभ 3 से 7 दिसंबर तक देशभर के सभी फैशन फैक्ट्री स्टोर्स पर उठाया जा सकता है। ग्राहक अपने नजदीकी स्टोर पर जाकर पसंदीदा कपड़े चुन सकते हैं और इस सीजन का सबसे दमदार फैशन डील एंजॉय कर सकते हैं।

## राजकीय आईटीआई में न्यूरोथैरेपी शिविर में 70 मरीज लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय आईटीआई में सोमवार को न्यूरोथैरेपी षिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 70 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। इस मौके पर आईटीबीपी डिप्टी कमांडेंट डॉ. कैलाश सैनी ने द्वीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। मुनेश कुमार सैनी ने आगंतुकों का स्वागत किया। शिविर में न्यूरोथैरेपिस्ट सत्यप्रकाश, बिमला व अंकित सैनी ने मरीजों का उपचार किया। इस दौरान दयाराम प्रजापति, विनोद शर्मा, बबली सैनी, रमाकांत, विक्रम गुर्जर, कुकु सैनी, रामचंद्र सैनी, पुष्पा देवी, अशोक सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## टाईल से भरा ट्रेलर पलटा: बोलेरो आई चपेट में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर -आगरा हाईवे पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार टालल्स से भरा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और ढ़ाबे पर खड़ी कार को टक्कर मारते हुए पलटी खा गया। हादसे में ट्रेलर चालक ने केबिन से कूद कर अपनी जान बचाई। लेकिन पूरे रोड पर टाइल्स बिखर गई और चूर-चूर हो गई। जिससे हाईवे पर लम्बा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रेलर को सीधा करवा साइड में खड़ा करवा टाइल्स से फेले मलवे को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। हादसे के बाद जयपुर -आगरा हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मुख्य राज्य मार्ग पर लम्बा जाम लग गया। थानाधिकारी मुनेंद्र ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे कानोता नदी के पास टाइल्स से भरा ट्रेलर बस्सी की ओर जा जा रहा था। इसी दौरान शर्मा ढ़ाबे के पास तेज रफ्तार ट्रेलर के केबिन के पीछे वाली कनेक्टिंग लिंग टूट गई और ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। जिससे ट्रेलर का पीछे वाला हिस्सा पलटी खा गया और उसमें रखी टाइल्स रोड पर बिखर गई। ट्रेलर का आगे वाला हिस्सा भी अनियंत्रित होकर एक ढाबे के बाहर खड़ी बोलेरो कार से टक्करा गया और पलटी खा गया। ट्रेलर चालक ने केबिन से कूद कर अपनी जान बचाई।

## चलती ट्रेन से नीचे गिरने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बस्सी थाना इलाके में एक युवक को ट्रेन में सफर के दौरान गेट पर खड़ा होना भारी पड़ गया। चलती ट्रेन से नीचे गिरने पर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पेट्रोलिंग के समय रेलवे ट्रेक पर युवक का लहूलुहान हालत में शव पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। जिसके बाद उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि बस्सी गेट नंबर -202 के पास रविवार देर रात एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया। रात करीब ढ़ाई बजे बस्सी स्टेशन के पास पेट्रोलिंग करते वक्त युवक का शव रेलवे ट्रेक पर पड़ा मिला। जिसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोट आई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त मध्य प्रदेश के बस्तूरी जिला सुमित 19 वर्षीय के रूप में की। पुलिस सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों को मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव उसके सुपुर्द कर दिया गया।

# कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, ई-गवर्नेंस, सरकार के दो वर्षीय कार्यकाल के कार्यक्रम एवं आधारभूत सुविधाओं पर रहा फोकस

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देंवे, इसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, कुशल, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना हैं, ताकि नागरिकों के लिये सेवाओं तक पहुंच आसान हो सके। इसमें नागरिक सेवा पोर्टलों, ऑनलाईन शिकायत निवारण व सरकारी दस्तावेजों की डिजिटल उपलब्धता जैसी कई सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना हैं। जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम को निर्देशित किया कि घरेलू एवं कृषि विद्युत कनेक्शन की कार्यवाही में गति लायें। पीएचईडी विभाग को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जेजेएम के लक्ष्यानुरूप और भविष्य की कार्य योजना तैयार कर समर कंटिंजेंसी के तहत कार्य करने को कहा, जिससे कि आमजन को ग्रीष्म ऋतु में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने पीडब्लयूडी, नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारी को अस्पतालों सहित राजकीय भवनों में नियमानुसार फायर एनओसी एवं सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाने को कहा। साथ ही सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर पर्याप्त दवा भंडार रखने को निर्देशित किया। उन्होंने संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरण के परिवादों का तुरंत निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। समाचार पत्रों में प्रकाशित आमजन की समस्याओं से संबंधित खबरों पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने आगामी दिनों में राज्य सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की निर्देशानुसार तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एसडीएम रामावतार मीणा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, एसीईओ सुशीला यादव, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में यूरिया की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी- सचिव, उर्वरक भारत सरकार

### आगामी 2 से 3 दिन में 33 हजार मेट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति

बढ़ता राजस्थान



जयपुर, (का.स.)। सचिव, उर्वरक रजत कुमार मिश्र, उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार ने वीसी के माध्यम से और प्रमुख शासन सचिव कृषि एवम् उद्यानिकी मंजू राजपाल ने सोमवार को प्रदेश में यूरिया की उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के हेतु विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक में सचिव उर्वरक भारत सरकार द्वारा विश्वास दिलवाया गया कि राजस्थान में यूरिया की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य में दिसंबर के प्रथम सप्ताह में 40 रैक यूरिया की आपूर्ति हेतु भारत सरकार से आग्रह किया जा चुका है जिसमें कुल 1 लाख 8 हज़ार मेट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति हो जाएगी। बैठक में राज्य में रबी सीजन के लिए यूरिया की मांग, उपलब्ध स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा परिवहन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समयबद्ध तरीके से पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारी से कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए यह सुनिश्चित किया जाए और जिला स्तर पर आवश्यक समन्वय कर यूरिया का वितरण करवाया जाए। श्रीमती मंजू राजपाल ने यह भी स्पष्ट किया कि यूरिया वितरण की निगरानी के लिए विभाग द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यकता पडने पर अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे, जिससे किसी भी जिले में यूरिया कमी की स्थिति ना बने। प्रमुख शासन सचिव द्वारा भारत सरकार से दिसंबर माह एवं शेष आपूर्ति मांग सहित 4 लाख 76 हजार मेट्रिक टन की आपूर्ति हेतु आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार 01 दिसंबर तक यूरिया की 9 रैक परिवहन में तथा तीन रैक अंदर लोडिंग में है। 33 हजार मेट्रिक टन की आगामी दो से तीन दिवस में यूरिया के आपूर्ति पूर्वी राजस्थान सहित उन क्षेत्रों में कर दी जाएगी, जहां यूरिया की मांग अधिक बनी हुई है।

## फेसबुक पर दोस्ती कर युवती ने किया ब्लैकमेल

### लोन लेकर युवती को दिए लाखों रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में फेसबुक पर दोस्ती कर एक शातिर युवक ने युवक को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए हड़प लिए। जिसके बाद भी युवती का दिल नहीं भरा तो उसने पीडित को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपए की डिमांड की। बार -बार मिल रहीं धमकी से परेशान होकर युवक ने थाने पहुंच शातिर युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया 33 वर्षीय खोरा बीसल निवासी युवक ने मामला दर्ज कराया है कि मई -2025 में फेसबुक के जरिए उसकी युवती से दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनो ने एक दुसरे के मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करना शुरू कर दिया। 21 मई को पहली बार मिलने के बहाने मानसरोवर स्थित एक होटल में बुलाया। होटल में युवती ने अपनी सहमति से फिजिकल रिलेशन बनाए। जिसके बाद युवती ने पीडित को दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देने लगी। पीडित ने फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर 2 लाख 18 हजार रुपए युवती को कैश दे दिए। बार -बार धमकी दे युवतीने 6 महीने में करीब 2 लाख 50 हजार ठग लिए। 27 नवम्बर को शातिर युवती ने 5 लाख रुपए की डिमांड की। नहीं देने पर झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवक ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## वर्ल्ड एड्स डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के हंस पीजी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से एक सशक्त एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना और स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात पल्स हॉस्पिटल की स्त्री रोग एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. रेखा कुमावत ने विद्यार्थियों को एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है तथा इससे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को सरल भाषा में बताया कि जागरूकता ही एड्स से बचाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। डॉ. कुमावत ने युवाओं में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों, सुरक्षित व्यवहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, तथा ॥ढ्ढङ्क के संबंध में फैल रही मिथकों और वास्तविकताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एड्स से डरने की नहीं, बल्कि जागरूक रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श भी दिया। पल्स हॉस्पिटल की टीम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता रखने और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। टीम द्वारा एड्स जागरूकता से जुड़े पोस्टर, जानकारी एवं स्वास्थ्य संदेश भी वितरित किए गए।हस पीजी कॉलेज के प्राचार्य ने पल्स हॉस्पिटल की पूरी टीम एवं विशेष रूप से डॉ. महेन्द्र सिंह पालसानिया का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पल्स हॉस्पिटल समय-समय पर समाजहित में इस प्रकार के महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर एक सराहनीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी कॉलेज एवं हॉस्पिटल मिलकर छात्रों के लिए ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं पल्स हॉस्पिटल टीम के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे युवाओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

## कृषि विपणन विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल की अध्यक्षता में सोमवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में कृषि विपणन विभाग एवं कृषि विपणन बोर्ड की योजनाओं की प्रगति के समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

प्रमुख शासन सचिव ने बैठक में मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना, महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना, किसान कलेवा योजना, कृषक उपहार योजना, ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना, सावित्रीबाई फुले महिला कृषक सशक्तिकरण योजना, मंडी परागों में आवंटन एवं बजट घोषणाओं और राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्राप्त एमओयू की समीक्षा की। इसके साथ ही एफपीओ, मसाला प्रकोष्ठ, फूड पार्क, पीएमएफएमई और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

मंजू राजपाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं को तय समय में पूरा कर कृषकों को लाभ पहुंचाया जाये। उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि मण्डियों में पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित की जाये। मण्डियों में साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखे एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रखी जाये। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) की समीक्षा करते हुए कहा कि एफपीओ केवल कृषि क्षेत्र में ही नही बल्कि पशुपालन, मत्स्य और डेयरी जैसे क्षेत्रों में भी काम करें।

उन्होंने मण्ड़ी स्थापना के लिए भूमि आवंटन एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में घोषित नई मण्डियों की स्थापना का निर्माण कार्य समय पर पूरा कर जल्दी से जल्दी धरातलीय रूप दिया जाये।

बैठक में निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान, अतिरिक्त निदेशक विभाग विभाग सुरेंद्र सिंह यादव, महाप्रबंधक विपणन बोर्ड श्रीमती संतोष करोल, संयुक्त निदेशक संजय व्यास, संयुक्त निदेशक टी. आर. मीणा और उप निदेशककेसर सिंह सहित कृषि विपणन विभाग और विपणन बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फूले पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सैनी समाज में रोष, पूतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान






**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के सैनी सभा भवन नं. 01 छात्रावास में महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान एवं सैनी सभा संस्थान कोटपूतली की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वामी आनंद स्वरूप द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले पर की गई अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुये समाज के सभी पदाधिकारियों ने एकमत से विरोध दर्ज कराया। बैठक के बाद बड़ी संख्या में सैनी समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुये सैनी छात्रावास से ज्योतिबा फूले सर्किल की ओर रवाना हुये। महात्मा ज्योतिबा फूले अमर रहें एवं स्वामी आनंद स्वरूप मुर्दाबाद के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फूले की प्रतिमा के समक्ष स्वामी आनंद स्वरूप का पूतला दहन किया। इसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि स्वामी आनंद स्वरूप के खिलाफ कठोर एवं दंडात्मक कानूनी कार्यवाही की जाये। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष हनुमान सैनी (नेताजी), सैनी सभा संस्थान के अध्यक्ष रामसिंह सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रकाश सैनी एवं महेंद्र कुमार सैनी, जन प्रमुख रामौतार सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी, पूर्व जन प्रमुख जगदीश खेमजी, बिड़दीचंद सैनी हवलदार, नत्थू सैनी (अमीन), सैनी सभा संस्थान के उपाध्यक्ष प्रकाश तौंदवाल, सचिव योगेश सैनी, सरपंच संघ के उपाध्यक्ष जगमाल सिंह यादव, बिल्लूराम सैनी, पार्षद सीताराम सैनी, रणजीत सैनी, दिव्यांशु सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पूर्व मंडी अध्यक्ष जगदीश सैनी, सुभाष जमालपुरिया, श्यामलाल सैनी, दिनेश सैनी, पूर्व पार्षद बाबूलाल सैनी, विवाह समिति अध्यक्ष रामकुमार सरपंच, एड. पवन सैनी, शेरसिंह, संजय बागड़ी, रामजीलाल सैनी, इन्द्राज सैनी, नरेश सैनी, एड. विजय सैनी, राजेश सैनी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# अरावली पर संकट गहराया, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बढ़ेगा खनन

धूल से होने वाला भीषण प्रदूषण और तेजी से कम होता हुआ भूजल स्तर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर के समक्ष मौजूद सबसे प्रमुख चुनौती है। सर्वोच्च न्यायालय का विगत 21 नवंबर का निर्णय इन समस्याओं को और बढ़ा सकता है तथा इस क्षेत्र के पर्यावास को गंभीर चुनौती पेश कर सकता है।

न्यायालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अरावली पर्वत और श्रृंखलाओं की दी गई परिभाषा को स्वीकार कर लिया है जिसके चलते दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक के बड़े हिस्सों में खनन और निर्माण संबंधी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इससे गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के बड़े हिस्सों में क्षरण और मरुस्थलीकरण की गति तेज हो सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किए गए मंत्रालय के मानदंड के अनुसार अरावली उन भूआकृतियों को कहा गया है जो स्थानीय भूभाग से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पर मौजूद हों। इसका मतलब यह है कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले इलाकों में खनन और निर्माण की इजाजत होगी। इस परिभाषा की समस्या यह है कि यह भ्रामक रूप से छलावा है क्योंकि इस पर्वतमाला का अधिकांश भाग 100 मीटर की उच्चतम सीमा से नीचे ही है।

यह बात एक अन्य सरकारी संस्थान के आंतरिक आकलन से एकदम स्पष्ट है। उसका नाम है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया। उसने कहा है कि अरावली श्रृंखला का 90 फीसदी से अधिक इलाका 100 मीटर से नीचे है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत परिभाषा में मंत्रालय ने गत वर्ष गठित आंतरिक तकनीकी समिति की परिभाषा की अनदेखी कर दी। समिति ने ढाल की ऊंचाई और उसके कोण के मानक स्पष्ट किए थे जिससे और भी अधिक पहाडियां खननकर्ताओं और डेवलपर्स के बुलडोजरों के दायरे से बाहर हो जातीं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश खनन और अन्य विकास कार्यों के लिए खुली छूट नहीं देता। उसने यह शर्त रखी है कि जब तक सरकार एक टिकाऊ खनन योजना प्रस्तुत नहीं करती, तब तक किसी नई लीज की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस प्रतिबंध से पर्यावरणविदों की चिंता दूर होती नहीं दिखती क्योंकि यह पर्वत श्रृंखला पहले ही दशकों के अवैध खनन और निर्माण के कारण मुश्किल हालात से जूझ रही है। तथ्य तो यह है कि 30 मीटर तक ऊंचे पर्वत भी एनसीआर को धूल से होने वाले प्रदूषण से बचा सकते हैं। वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति नियुक्त की थी जिसने पाया कि राजस्थान में अरावली के 128 पर्वत शिखरों में से 31 अवैध खनन के कारण गायब हो गए हैं। इससे बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जिनके जरिये थार के मरुस्थल की धूल एनसीआर की दिशा में उड़ती है।

पिछले वर्ष अगस्त में अरावली क्षेत्र में भूमि उपयोग पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि 1975 से 2019 के बीच लगभग 8 प्रतिशत क्षेत्र गायब हो गया, मानव बस्तियां 4.5 प्रतिशत से बढक़र 13.3 प्रतिशत हो गईं, वनाच्छादित क्षेत्र 32 प्रतिशत घट गया और खेती योग्य भूमि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसी अनमोल पारिस्थितिक संपदा का अंधाधुंध विनाश पिछले कुछ दशकों में क्षेत्र में बढ़ते धूल प्रदूषण और अस्थिर मौसम का कारण बना है। इस बात को इसी महीने के आरंभ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने ही उस फैसले को पलटने के साथ जोडक़र देखें, जिसमें लगभग पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के लिए पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी पर रोक लगाई गई थी, तो यह स्पष्ट है कि पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का लगातार कमजोर होना चिंताजनक है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 2 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2008 - पंजाब नेशनल बैंक ने एफसीएनआर ब्याज दरों में कटौती की।
- 2007 - पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 8 जनवरी के प्रस्तावित चुनावों को देखते हुए देश में विरोध प्रदर्शनों और रैलियों पर प्रतिबन्ध लगाया।
- 2006 - फिलीपींस में ज्वालामुखी का मलबा गिरने से 208 लोगों की मृत्यु तथा 261 लोग घायल।
- 2005 - पाकिस्तान सरकार ने मदरसों द्वारा धार्मिक नफ़रत फैलाने एवं आतंकवाद के लिए प्रेरणा देने वाले शिक्षा एवं साहित्य के प्रकाशन पर रोक के लिए क़ानून बनाया।
- 2003 - हेग स्थित संयुक्त राष्ट्र के युद्धापराध न्यायालय ने बोस्नियाई सर्ब के पूर्व सैन्य कमांडर मोमिर निकोलिक को 1995 में हुए सर्बनिका नरसंहार में दोषी पाया गया और 27 साल कैद की सजा सुनाई।
- 2002 - प्रशान्त महासागर के बोरा-बोरा द्वीप में एक जलते यात्री जहाज़ 'विडस्टार' से 219 लोगों को सुरक्षित बचाया गया।
- 1999 - भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंज़ूरी मिली।
- 1995 - बेरिंग्स बैंक कांड के चर्चित व्यक्ति निक लीसन को सिंगापुर के न्यायालय द्वारा साढ़े छह वर्ष की क़ैद की सज़ा।
- 1989 - विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने।
- 1982 - स्पेन की प्रथम संसद में समाजवादी बहुमत एवं फ़िलिप गोंजालेज प्रधानमंत्री निर्वाचित।
- 1976 - फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्ट्रपति बने।
- 1971 - संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
- 1965 - सीमा सुरक्षा बल की स्थापना हुई।
- 1942 - पांडिचेरी (अब पुड्चेरी) में श्री अरविंदो आश्रम स्कूल की स्थापना हुई जिसे बाद में श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना गया।
- 1911 - जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा,रानी बनें। उनके बंबई (अब मुम्बई) आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया।
- 1848 - फ्रांस जोसेफ प्रथम ऑस्ट्रिया के सम्राट बने।
- 1804 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई।
- असम में दीफू रेलवे स्टेशन पर खड़ी लामडिंग तिनसुकिया मेल में धमाका हुआ, जिससे 2 की मृत्यु व 30 घायल हुए।
- 2 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1988 - फैसल अली डार - मार्शल आर्ट प्रशिक्षक हैं।

## विशेष आलेख

# बीजेपी की सीएम प्रयोगशाला के सफल प्रोडक्ट साबित होते भजनलाल



निरंजन परिहार



किसी जादूगर की झोली से, बेहद अप्रत्याशित और औचक तरीके से निकले जादू की तरह, दो साल पहले तीन मुख्यमंत्री निकले। राजस्थान में भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय। तीनों को जब मुख्यमंत्री घोषित गया, तो पार्टी के ज्यादातर लोग तीनों को, संगठन के ईमानदार कार्यकर्ता से ज्यादा नहीं जानते थे, और तीनों प्रदेशों की जनता तो तीनों को भी बेहद कम ही नहीं जानती थी। न तीनों का कोई बड़ा जनाधार, न बड़े सियासी समीकरण, और न ही कोई ऐसा कोई संकेत कि वे राज्य में सत्ता को सफलता से संभाल लेंगे। मगर अब, जब तीनों को सत्ता सम्हाले दो साल पूरे हो रहे हैं, तो यह हिसाब - किताब भी जरूरी है कि तीनों में से कौन कितना सफल बन सका और किसने खुद को आलाकमान की भावनाओं के अनुरूप मुख्यमंत्री के खुद को ढाला। तीनों में सबसे मजबूत प्रोफ़ाइल किसका है, और किसके बारे में क्या आम धारणा बनी है। यह जांचने के लिए अगर राजनीतिक स्थिरता, प्रशासनिक पकड़, नेतृत्व के साथ तालमेल, प्रादेशिक जटिलताओं को संभालने की क्षमता और भविष्य की संभावना के राजनीतिक नजरिये का आकलन करें, तो सबसे मजबूत प्रोफ़ाइल भजनलाल शर्मा का उभरता है। क्योंकि भौगोलिक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं जातिगत समीकरण में सबसे अप्रत्याशित राज्य में सबसे कमजोर समझे जाने वाले किसी नेता का लगातार दो वर्ष तक बिना किसी बड़े असंतोष के निर्विवाद सत्ता संभालना आसान नहीं होता।

**पॉलिटिकल प्रोफ़ाइल मजबूत किया भजनलाल ने** राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में, भजनलाल शर्मा के खाते में तीन प्रमुख उपलब्धियां दर्ज हुईं, एक तो निर्विवाद सत्ता संचालन, दूसरा, प्रशासनिक कमान और तीसरा ताकतवर नेताओं के साथ व्यावहारिक संतुलन। राजस्थान की राजनीति में, जहां सियासी संघर्ष और धड़ेबाज़ी लगातार चलते रहते हैं, वहां मुख्यमंत्री के तौर पर भजनलाल शर्मा ने शांत प्रशासनिक ढांचा दिया। शर्मा के अब तक के कार्यकाल के संदेश यही है कि कम अनुभव वाले नेता भी बड़े राज्य चला सकते हैं, यदि उनमें संतुलन, सरलता और स्थिरता की क्षमता हो। इसी कारण माना जाता है कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मुकाबले भजनलाल शर्मा का पॉलिटिकल प्रोफ़ाइल सबसे अधिक मजबूत हुआ है। वे सबसे कमजोर माने जाते थे, लेकिन अब सबसे ज्यादा भरोसेमंद मुख्यमंत्री के रूप में उभरे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा कम बोलने और ज्यादा काम करने वाली शैली में फिट होते दिखे हैं। न किसी बड़े नेता से टकराव, न किसी विवादित बयान से सुर्खियां बटोरने की कोशिश। उन्होंने खुद को लो-प्रोफाइल, मगर इफ़ेक्टिव मुख्यमंत्री साबित किया। भजनलाल शर्मा की सबसे बड़ी ताकत उनका केंद्रीय नेतृत्व के साथ सहज तालमेल है, जो बीजेपी नेतृत्व को सबसे अधिक पसंद आता है। इस कारण वे उस मॉडल में सबसे बेहतर फिट हुए हैं जिसमें आलाकमान राज्य की कमान अपने हाथ में रखकर, एक संतुलित और भरोसेमंद चेहरे को आगे करता है।

**सीमित प्रभाव में सिमटे यादव और विष्णुदेव** भले ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को संगठन के मजबूत सिपाही के तौर पर जाना जाता है, लेकिन लेकिन प्रशासनिक वजन सीमित ही रहा है। यादव भी लंबे समय तक गुमनाम ही रहे मगर, युवा मोर्चा से लेकर संगठन में मेहनत करते हुए वे प्रदेश के शीर्ष पद तक पहुंचे। मुख्यमंत्री के तौर पर उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी शिवराज सिंह चौहान जैसे तपे - तपाए नेता के बाद सत्ता संभालने का दबाव। मोहन यादव व्यक्तिगत करिश्मा और व्यापक प्रशासनिक नियंत्रण के मामले में तुलनात्मक रूप से सीमित नजर आते हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री बने हुए दो वर्ष बीत जाने के बावजूद, राज्य अब भी व्यापक पैमाने पर बीजेपी के पारंपरिक 'शिवराज स्ट्रक्चर' पर ही चलता हुआ दिखता है। उधर, छत्तीसगढ़ देखें, तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ आदिवासी चेहरा होने की मजबूती का लेबल तो चस्पा है, पर उनका भी राजनीतिक विस्तार अभी भी सीमित ही है। वे शांत, सरल और आदिवासी समाज में प्रभाव रखने वाले नेता रहे हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में उनकी छवि ईमानदार, सादगीपूर्ण और साफ-सुथरी है। मगर, साय अभी तक छत्तीसगढ़ की राजनीति में प्रखर या तेजतर्रार चेहरा नहीं बन पाए हैं। उनकी पहचान एक शांत और सीमित प्रभाव वाले नेता की ही ज्यादा बन सकी है, इसी कारण वहां कांग्रेस ताकत दिखाती रहती है। **भजनलाल की राष्ट्रीय राजनीति में पहचान** तुलनात्मक तरीके से देखें, तो विष्णुदेव साय और मोहन यादव के मुकाबले राजस्थान में भजनलाल शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वे एक नए प्रकार के बीजेपी मुख्यमंत्री का मॉडल बनकर उभरे हैं। वे शांत, ईमानदार, महत्वाकांक्षा विहीन और पूर्णतः आलाकमान के प्रति समर्पित विश्वासपात्र के रूप में भी खरे उतरे हैं। उन्होंने अपने से वरिष्ठ, बड़े और प्रभावशाली नेताओं के बीच संतुलन बनाए रखा और चाहे वह प्रदेश संगठन हो।

# हंगामे से नहीं, विचार-विमर्श से चले संसद

## संसद का शीतकालीन सत्र



**सुनील कुमार महला**

*1 दिसंबर 2025 सोमवार से शुरू हो गया। यह सत्र 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा।इस सत्र से ठीक पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर चर्चा नहीं कराने पर विरोध करने का अपना इरादा जाहिर कर दिया है।*

1 दिसंबर 2025 सोमवार से शुरू हो गया। यह सत्र 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा।इस सत्र से ठीक पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर चर्चा नहीं कराने पर विरोध करने का अपना इरादा जाहिर कर दिया है। कांग्रेस ने कहा है कि सत्र के दौरान एसआइआर,वोट चोरी और दिल्ली ब्लास्ट का मुद्दा उठाया जाएगा। यहां तक कि सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए गए हैं।सपा के एक नेता ने यह बात कही है कि एसआइआर के दबाव और तनाव में बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, प्रदूषण और चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा गया है। इससे यह संकेत मिल गए है कि सदन की कार्यवाही के दौरान हंगामा हो सकता है। जानकारी के अनुसार सरकार की 14 बिल पेश करने की तैयारी है। इनमें क्रमशः जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025; दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025; मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 (जो एक ऑर्डिनेंस की जगह लेगा); निरस्तीकरण और संशोधन विधेयक, 2025; राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2025; परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025; कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2025; प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025; बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025; मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2025; भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक, 2025; केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 ; स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 तथा वित्तीय कार्य (वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान तथा संबंधित विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, विचार और पारित/वापसी) आदि शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें से कुछ बिलों पर चर्चा भी हो सकती है। इनमें जन विश्वास, भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक और केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 भी शामिल हैं। इसके अलावा कुछ आर्थिक सुधारों से जुड़े और मणिपुर में लागू ऑर्डिनेंस को बदलने वाला बिल भी है। इसके लिए सरकार पूरी तरह तैयार है, वहीं विपक्षी गठबंधन भी कमर कस चुका है।कुल मिलाकर सच तो यह है कि संसद के शीतकालीन सत्र पर विपक्ष ने अपने मुद्दे साफ कर दिए हैं। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एसआइआर है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि संसद सत्र सुचारु रूप से चलना ही लोकतंत्र के हित में है, क्योंकि प्रत्येक सत्र पर देश का कीमती समय और भारी धनराशि खर्च होती है। इसलिए अपेक्षा केवल सरकार से नहीं, बल्कि विपक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों से है कि वे सदन में अधिक परिपक्वता, संयम और सहयोग दिखाएँ। जब राजनीतिक टकराव की जगह रचनात्मक चर्चा को प्राथमिकता मिलेगी, तभी सत्र अपनी सार्थकता साबित करेगा और देशहित से जुड़े कार्य समय पर पूरे हो सकेंगे।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### नहीं चाहिए स्वर्ग

एक बार गंदी नालियों में दिन भर घूमने वाले सूअर को देखकर ऊपर वाले ने सोचा कि शायद धरती का सबसे गंदगी में रहने वाला जानवर सूअर है। बेचारे का पूरा जीवन ही नालियों में मुँह देकर ही निकल जाता है। आखिर इसे भी तो स्वर्ग में रहने का अधिकार होना ही चाहिए। माना पूर्व जन्म और प्रारब्ध भी बहुत बड़ी चीज है लेकिन एक बार इन्हें भी तो पता चलना चाहिए। ऐसे में ईश्वर एक ऐसे स्थान पर चले गए जहां सूअरों का झुण्ड़ रहता था। एक गाँव के बाहर गंदे नाले के किनारे सैकड़ों की संख्या में सूअरों का जमावड़ा रहता था। ऐसे में ऊपर वाले ने सोचा कि यदि से सभी स्वर्ग जाने को तैयार हो गए तो.. बाद में नीली छतरी वाले को दया आ गई कि कोई नहीं एक बार इनकी आत्मा तृप्त तो हो ही जाएगी। फिर चाहे जैसे भी एडजेस्टमेंट कर दूंगा। ये सोचकर वो परमात्मा इनके पास गया और बोला कि तुम्हारा पूरा जीवन यहां बीत गया मैं साक्षात भगवान हूं,तुम सबकों स्वर्ग ले जाने आया हूं..फिर क्या था सूअरों में कानाफूंसी होने लगी। उन सूअरों में से एक सूअर बोला ये स्वर्ग आखिर क्या है। तो परमपिता ने कहा कि एक आलौकिक लोग है जहां दूध,घी और शीतल जल की नदियां हैं। जहां हरा भरा जंगल है,जहां प्राण वायु 100 प्रतिशत है,जहां सब शांति से रहते हैं,जहां आलौकिक शक्तियां हैं, जहां पेड़ छाया और फलों से लदेकदे हुए हैं। जहां केसर व किस्तुरी की खुशबु से पूरा वातावरण महकता रहता है,जहां चहूँओर खुशियां ही खुशियां हैं। सूअर राजी हो गए उछलने लगे लेकिन थोड़ी देर बाद फिर से कानाफूसी शुरू हो गई। अब परमात्मा ने पूछा क्या हुआ,सूअरों का सरदार आया और बोला प्रभु स्वर्ग में कीचड़ से भरी नाली है या नाय ये तो बताओं। परमपिता बोले नहीं वहां तो सब साफ सुधरा है, तो सूअर बोले फिर हम वहां चलके क्या करेंगे। जहां नाली नाय वहां हम अपना मन कैसे लगाऐगें। मित्रों हम सब भी शायद इसी श्रेणी में खड़े हैं। इस धरा पर शाकाहार ही शाकाहार है लेकिन शाम होते ही चिकन सैंटरों पर शहर में उमड़ी भीड़ बताती है कि हम इसके बिना रह नहीं सकते। हमारे इस समाज में एक दूसरे से बांटने के लिए दया,प्रेम,मदद और सहयोग रूपी स्वर्ग तो हैं लेकिन हमें एक दूसरे से जलन,कपट,इष्र्या,कारसेवा और चुगली जैसे नरक पसंद हैं। ऐसे में ईश्वर हमें अनेकों बार उस स्वर्ग में ले जाने का मौका देता है लेकिन हम वासना,लोभ,लालच व अहंकार के बिना जीने की नहीं सोच सकते इसलिए शायद हम भी जीवन भर इस अनौखी नाली में मुँह मारते रहते हैं। — **रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# पेट में कीड़े हैं तो होगी अनेक बीमारियां, इन उपचारों से खतम करें इन्हें

अगर आपका खान-पान गलत है तो आपको पेट के रोग बड़ी जल्दी हो जाएंगे। जिनमें से एक है पेट में कीड़ों का पनपना है। जी हां, अशुद्ध भोजन खाने से पेट की आंत में कीड़े पड़ जाते हैं जो वाकई में काफी तकलीफदेह होता है। इन कीड़ों की वजह से पेट में गैस, बदहजमी, पेट में दर्द, बेचैनी और बुखार जैसी कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।

पेट के ये कीड़े करीब 20 प्रकार के होते हैं जो आंतों में घाव तक पैदा कर सकते हैं। यदि आपको पेट में कीड़े के लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो उसका इलाज हम आपको बताएंगे जो कि पूरी तरह से नेचुरल है तो देर ना करें और पढ़ें.... 1. नीम के पत्ते -नीम एक आयुर्वेदिक औषधि मानी जाती है। इसलिए इसको कई तरह के इलाज में प्रयोग किया जाता है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो पेट की समस्याओं और कीड़ों की समस्या को दूर करते हैं। इसरो शहद के साध लेने से आपको जल्दी ही आराम मिल जाएगा। 2. खजूर -खजूर के पत्तों का काढ़ा बनाकर बासी होने पर शहद के साथ मिलाकर पीने से और खजूर की पत्तियों का रस 40 ग्राम और 40 ग्राम शहद के साथ मिलाकर पीने पेट के सभी कीड़े मर जाते हैं।

3. लहसुन- लहसुन, दुनिया में सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त मसालों में से एक है। यह एक प्रभावशाली एजेंट है जो कि आंतों के कीड़े मारता है। इसमें लहसुन में उच्च मात्रा में सल्फर है। सल्फर युक्त अमीनो एसिड में आम तौर पर परजीवी माने के लक्षण होते हैं। लहसुन में रोगाणुरोधी, एंटिफंगल, जीवाणुरोधी, और मजबूत एंटीऑक्सीडेंट गुण है, जो शरीर से रोगाणुओं को खत्म करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे और आपके अनुभवों का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी।

**कन्या**
आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था।

**धनु**
आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे।

**मकर**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी और आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना।

**मीन**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ी जल्दबाजी दिखा सकते हैं।

# टोंक जिले में यूरिया खाद की किल्लत, किसान रातभर जागकर कर रहे दो बैग मिलने का इंतजार



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान में गांव से लेकर शहर तक धरतीपुत्र इन दिनों खाद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देर रात को ही खाद की दुकानों कै बाहर आकर इंतजार करने कर रहे हैं कि आज तो उनकी बारी आएगी लेकिन हर बार मायूसी के सिवाय कुछ हार नहीं लग रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की भाजपा सरकार और उसके मंत्री लगातार यूरिया की सप्लाई होने का दावा कर रहे हैं। इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट भी यूरिया खाद की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों ले चुके हैं। यह तस्वीरें टोंक जिला मुख्यालय की है जहां आस पास के किसान, महिलाएं और युवा देर रात दो बजे ही इफको बाजार के बाहर आकर यूरिया खाद के बैग मिलने की उम्मीद में आकर बैठ गए...दोपहर के दो बजे तक भी उनकों खाद नहीं मिला। किसानों ने आरोप लगाया है कि एक किसान को महज दो बैग दिए जा रहे हैं और जमीन करीब 10 से 20 बीघा तक है उसमें दो बैग यूरिया किस काम आएगा। ना तो कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर आते हैं ना ही सरकार उनकी पीड़ा को सुन रही है। हद की बात तो यह है कि इन दो दो बैग यूरिया के लिए भी संघर्ष की नौबत आ रही है। दुकानों पर झगड़े हो रहे हैं।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। रैली को मानवेन्द्र प्रताप शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल एएनएएम ट्रेनिंग सेंटर कि छात्राओं ने जिला अस्पताल से विनोबा बस्ती तक जागरूकता रैली निकाली और नारे लगाते हुए आमजन को जागरूक किया।

**जागरूकता से संभव बचाव :** एड्स एक लाइलाज बीमारी है। जिससे सिर्फ जागरूक रहकर ही बचा जा सकता है। एचआईवी यानी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस रेट्रोवायरस परिवार का एक हिस्सा है, यह इंफेक्शन समय बढ़ाने के साथ एड्स बन जाता है। यह वायरस इम्यून सिस्टम को कमजोर बना देता है। ऐसे में लोगों के बीच एड्स को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर को वर्ल्ड एड्स दिवस मनाया जाता है। विश्व एड्स दिवस को मनाने की शुरुआत साल 1987 में की गई थी। एड्स जागरूकता दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य उन लोगों को जागरूक करना है, जो इसके कारणों और प्रभाव के बारे में नहीं जानते हैं। इस बीमारी के बारे में लोगों के बीच उचित जागरूकता फैलाकर, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, इसे नियंत्रित किया जा सकता है। एड्स दिवस को मनाने के लिए हर साल एक नई थीम रखी जाती है। इस साल एड्स डे का थीम है 'बाधाओं पर विजय, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन'।

# गर्भवती व धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग चलाएगा पिंक पखवाड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग 1 से 15 दिसम्बर तक विशेष पिंक पखवाड़े का आयोजन करेगा। इस दौरान मिशन मोड पर फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन का उपयोग एनीमिक महिलाओं के लिए किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहले से प्रचलित आईएफए यानी कि आयरन की गोलियां द्वारा धीरे परिणाम प्राप्त होता है। कई महिलाओं को मतली, कब्ज, पेट खराब व अवशोषण की कमी जैसी समस्याओं के चलते इसका ज्यादा लाभ भी नहीं हो पता। ऐसे में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन द्वारा डेढ से दो माह में ही तीन से चार ग्राम हीमोग्लोबिन बढ़ाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। एफसीएम इंजेक्शन की डोज गणना हेतु गंजोनी सूत्र के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में किसी भी गर्भवती को 1000 मिलीग्राम से अधिक डोज नहीं दी जाए और पूरे गर्भावस्था काल में 1500 मिलीग्राम की अधिकतम सीमा में ही एफसीएम दिया जाए। पिंक पखवाड़ा अभियान को पूरी क्षमता के साथ मनाने और आधिकाधिक गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ देने के निर्देश दिए गये है। उन्होंने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान मध्यम से गंभीर एनीमिया यानी कि 5 से 9 ग्राम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवतियों तथा धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज दिया जाएगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/टोंक (कमलेश गौतम)।** नगरफोर्ट नैनवा रोड स्टेट हाईवे पर पिकअप और बाइक की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए नगर फोर्ट थाना इंचार्ज करण सिंह जी ने बताया मृतक की पहचान बूंदी जिले के सूंथली निवासी कालू पुत्रहरलाल बलाई के रूप में हुई है हाथ से में घायल दोनों अन्य व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रेफर कर दिया गया है पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल आर्य ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोर्चरी नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए शव को सामुदायिक केंद्र दूनी भेजा गया है।

# रोडवेज: गांव-गांव तक पहुंचेगी 'आपणी बसें' 350 नए रूटों पर शुरू हुई बस सेवा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत भरी खबर है राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) ने गांव-गांव तक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 350 नए ग्रामीण रूटों पर बस सेवा शुरू कर दी है। राजस्थान रोडवेज का ग्रामीण बस सेवा का नया मॉडल यात्रियों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की जाने वाली बसों के लिए अब रोडवेज प्रशासन के पास यात्रियों की मांग बढ़ रही है। इसे देखते हुए रोडवेज प्रशासन ग्रामीण सेवा में बसें बढ़ाने के लिए जल्द ही नए सिरे से टेंडर करेगा। केसरिया रंग की राजस्थान रोडवेज की मीडियम कैटेगरी की ये बसें यात्रियों को खूब भा रही हैं। हालांकि शुरुआत में अभी काफी कम संख्या में बसें संचालित हो रही हैं। लेकिन इन बसों को रिस्पॉन्स जोरदार मिल रहा है। ग्रामीण सेवा की इन बसों को आपणी बस राजस्थान रोडवेज नाम से संचालित किया जा रहा है. रोडवेज प्रशासन ने ये बसें निजी कम्पनियों से ली गई हैं. हालांकि ऐसा पहली बार है जब इन निजी अनुबंधित बसों को राजस्थान रोडवेज के बस अड्डों के अंदर से संचालित किया जा रहा है। रोडवेज की अध्यक्षा शुभ्रा सिंह ने 2 दिन पूर्व मुख्य प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे कि ग्रामीण बस सेवा की बसों के रूट को लेकर रिपोर्ट भेजें. ऐसे में सभी डिपो से नए सिरे से रूट वाइज प्रस्ताव मांगे गए हैं. 4 दिसंबर तक प्रस्ताव मिलने के बाद रोडवेज प्रशासन नए सिरे से करीब 350 रूटों पर बसें चलाने के लिए फिर से टेंडर जारी करेगा. पहले फेज में 25 रूटों पर बस संचालन के लिए निजी कम्पनियों ने समझौता किया था, जिनमें से फिलहाल 7 रूटों पर बसें संचालित हो रही हैं।




## अभी कितने रूटों पर चल रही हैं ग्रामीण सेवा बसें

- डूंगरपुर से लालपुरा, सरदारशहर से सुजानगढ़ रूट पर बसें संचालित
- जोधपुर से बालेसर वाया पोपावास, जोधपुर से चाबा रूट पर बसें संचालित
- जोधपुर से बालेसर वाया खुडियाला रूट पर बसें संचालित
- जोधपुर से चामू और जोधपुर से चेराई रूट पर बसें संचालित
- 14 से 24 अक्टूबर के बीच इन सभी रूटों पर शुरू हुआ बस संचालन
- 70 से 90 फीसदी तक यात्रीभार मिल रहा इन बसों में

## रूट पर भी बसों का एकाधिकार

रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि ग्रामीण सेवा की इन बसों का संचालन बढ़ाया जाएगा. चूंकि इन रूटों पर निजी बस संचालकों के लिए रूट परमिट का एकाधिकार रखा गया है, इसलिए हमें उम्मीद है कि जल्द ही अधिक रूटों पर बस संचालन की योजना सफल रहेगी। रोडवेज प्रशासन का प्रयास है कि करीब 350 रूटों पर बसें चलाई जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक यात्रियों को सुविधा मिल सके।

# रणथंभौर नेशनल पार्क से आई खुशखबरी, तीन नन्हे शावकों संग नजर आई बाघिन टी- 2307

## रणथंभौर एक बार फिर नन्हें शावकों की किलकारी से गूंज उठा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी- 2307 के शावकों को जन्म देने के बाद वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. रणथंभौर नेशनल पार्क में एक बार फिर बाघिन के शावकों की किलकारी गूंजी है. नेशनल पार्क में बाघिन टी-2307 में तीन शावकों को जन्म दिया है. वहीं बाघिन के शावकों को जन्म देने की जानकारी वन मंत्री संजय शर्मा ने सोशल मीडिया पर साझा की है। रणथंभोर के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि नेशनल पार्क के कुंडेरा के बेरदा क्षेत्र में बाघिन टी -2307 तीन शावकों के साथ कैमरे में ट्रैप हुई है. डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बाघिन के शावकों को जन्म देने के बाद वन विभाग की ओर से लगातार बाघिन और उसके शावकों की मॉनिटरिंग की जा रही हैं. वहीं इसको लेकर वन विभाग ने उस क्षेत्र में कैमरों की संख्या को बढ़ाया है ताकि बाघिन और उसके शावकों की मॉनिटरिंग की जा सके। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही रणथंभौर नेशनल पार्क के कुंडेरा रेंज में वनकर्मियों को गश्त के दौरान बाघिन टी-2307 तीन शावकों के साथ नजर आई. लेकिन वनकर्मी बाघिन और उसके शावकों की फोटो नहीं ले पाए , जिसके चलते बाघिन के शावकों के जन्म देने की पुष्टि नहीं हो सकी थी. लेकिन कैमरा ट्रैप में बाघिन अपने तीन शावकों के साथ कैद हुई है, जिसकी सूचना वनकर्मियों ने वनाधिकारियों को दी. इसी की सूचना को वन मंत्री संजय शर्मा के द्वारा सोशल मीडिया पर भी साझा किया गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शावकों को जन्म देने वाली बाघिन टी- 2307 की उम्र लगभग 4 साल है. बाघिन टी -2307 , टी - 111 और बाघ 121 की बेटी है. बाघिन टी 2307 पहली बार मां बनी है।

फिलहाल बाघिन की टेरेटरी बावड़ी तिराहा, बैरदा और लाहपुर सेल एरिया में है।

# सआदत अस्पताल टोंक में विश्व एड्स दिवस का किया आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** सआदत अस्पताल टोंक में विश्व एड्स दिवस का आयोजन को किया गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश दिनेश जलथुरिया ने कहा कि एड्स के कारण मनुष्य के शारीरिक,आर्थिक,और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.हनुमान प्रसाद बैरवा ने कहा कि सआदत अस्पताल के एआरटी डिपार्टमेंट में एड्स के लिए परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी जाती है। मनोरोग विशेषज्ञ डा.योगेश कुमार ने बताया की एड्स के कारण मानसिक तनाव ,चिंता ,अनिद्रा , घबराहट और भी गंभीर अवसाद आदि देखने को मिलते है। एआरटी डिपार्टमेंट से कमल सोयल ने बताया की एड्स एक गंभीर बीमारी है जो एक एचआईवी के संक्रमण से होता है।एड्स का संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, रक्तदान,संक्रमित सुई,ब्लेड एवं संक्रमित मा से होने वाले बच्चे मै होता है। अतः हम सभी को एड्स के लिए जागरूक रहना चाहिए और इसका बचाव पूरी तरीके से करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उप नियंत्रक डा.चेतन जैन, डा.नवींदर पाठक,डा.रामेश्वर बैरवा,डा. हेमंत कुमार,डा. सानिया खान, डा.मुबाशिरा गौरी, नर्सिंग अधीक्षक सत्यनारायण शर्मा,नर्सिंग कोलेज प्रिन्सिपल प्रदीप चौधरी, सुनिता सोयल,महेश कर्नावट, अंजली शर्मा शारदा गुर्जर एंव अस्पताल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का शुभारम्भ

# जिले में पहले दिन 19 गांवों में लगाए गये विशेष शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** प्रदेश में पशुपालकों के आर्थिक हितों एवं पशुधन संरक्षण को सुद्रढ करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना 2025-26 के अन्तर्गत बीमा कार्य सोमवार 01 दिसम्बर से पूरे राजस्थान में प्रारम्भ किया गया। इस योजना के तहत् राज्य भर के 42 लाख पशुओं का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। जिससे पशुपालकों को दुर्घटना का आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाला बैरवा ने बताया कि टोंक जिले में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनान्तर्गत प्रथम दिवस 18 राजस्व गांवों में शिविर आयोजित कर कुल 97 पशु स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी कर योजना का शुभांरभ किया गया। बीमा कार्य (पहले आओ, पहले पाओ,) के आधार पर किया जाएगा। योजना के नियम के अनुसार पशुपालक एक जन आधार पर दो गाय, दो भैंस, एक गाय, एक भैंस, 10 ऊंट तथा 10 भेड़ या बकरियों का निःशुल्क बीमा करवा सकेंगे। इस वर्ष बीमा प्रक्रिया की और सरल एवं सुगम बनाया गया है। पशुपालक शिविरों से पूर्व तथा शिविरों के दौरान स्वयं पंजीकरण कर सेकेंगे। इसके लिए मंगला पशु बीमा योजना 25-26 मोबाईल ऐप लॉन्च किया गया है जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और जिसके माध्यम से जन आधार का उपयोग कर पशुओं का पंजीकरण किया जा सकेगा।

ब्रह्माकुमारीज़ के हॉलिस्टिक हेल्थ अभियान के तहत निवाई के प्रभु मिलन भवन में कार्यक्रम

# 'जब आत्मा और शरीर एक ताल पर चलते हैं, तब जीवन में शांति, संतुलन और सुख स्वत: आ जाता हैं'

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा चलाया जा रहे हॉलिस्टिक हेल्थ अभियान तहत निवाई में मोदी धर्मशाला के समीप स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु मिलन भवन में वैलनेस फॉर माइंड बॉडी एंड सोल विषय पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉलिस्टिक हेल्थ विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी डॉ. शुभलक्ष्मी दीदी ने कहा कि सच्ची वेलनेस बाहर से नहीं बल्कि हमारे भीतर से प्रारंभ होता है। जब आत्मा और शरीर एक ताल पर चलते हैं, तब जीवन में शांति, संतुलन और सुख स्वतः प्रकट हो जाते हैं। दीदी ने बताया कि वास्तव मे स्वास्थ्य की शुरुआत आत्मबोध से होती है। जब हम स्वयं को शरीर नहीं, बल्कि एक शांत, पवित्र, प्रकाशमान आत्मा के रूप में पहचानते हैं, तो भीतर से शांति, शक्ति और संतुलन का प्रवाह शुरू हो जाता है। यह आत्म-अनुभूति ही समग्र स्वास्थ्य की जड़ है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर बोलते हुए कहा कि होलिस्टिक हेल्थ का पहला आधार है विचारों की सेहत। जहाँ विचार स्वच्छ हैं, वहाँ मन शांत है। राजयोग हमें यही सिखाता है कि विचार ही भाग्य का बीज है। यदि हमारे विचार शांति, प्रेम, करुणा के साथ शुभभावना और शुभकामना से भरे हो तो मन स्वतः हल्का, सकारात्मक और प्रसन्न रहता है। दीदी ने भावनात्मक स्वास्थ्य पर बोलते हुए कहा कि हमारी भावनाएँ हमारे संस्कारों को प्रकट करती हैं। राजयोग एक ऐसी विधि है जिसमें हम ईश्वर से शक्ति लेकर संस्कारों का रूपांतरण करते हैं। गुस्सा, शिकायत, दुख, भय ये सब मन की ऊर्जा को क्षीण करते हैं। परंतु जब आत्मा ईश्वरीय शक्तियों स्वयं को भरपूर करती है,तो अस्वस्थ भावनाएँ सतोगुणी ऊर्जा में बदलने लगती हैं। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी गुंजन दीदी ने राजयोग ओर व्यायाम का महत्व बताते हुए सभी को एक्सरसाइज करवाई और राजयोग का अभ्यास से गहन शांति की अनुभूति करवाई। दीदी ने कहा कि यह हॉलिस्टिक हेल्थ अभियान 10 दिसंबर 2025 तक चलेगा जिसमें शहर का कोई भी संस्थान इस निःशुल्क सेवा का फायदा लेने के लिए ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर संस्थान से जुड़े व आस पास के भाई बहन मौजूद रहे।

# दाखिया बांध की नहर पर किसानों ने फूंका कलेक्टर का पूतला,चौथे दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी) ।** जिले के दाखिया बांध से नहर में खेतों में खड़ी फसल की सिंचाई के लिए पानी छोडने की मांग को लेकर किसानों का चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। लगातार धरना प्रदर्शन के बाद भी अधिकारियों की अनदेखी से आक्रोशित किसानों ने सोमवार को दाखिया में जिला कलेक्टर का पूतला फूंक कर विरोध जताया, इससे पहले बांध परियोजना के अधिकारी का भी किसान पूतला फूंक चुके है। किसान महापंचायत प्रदेश मंत्री रतन खोखर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी जिला अध्यक्ष गोपी लाल जाट जिला महामंत्री हरिशंकर धाकड़ पीपलू अध्यक्ष दुलाराम प्रजापत ने आरोप लगाते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। 18 एवं 29 नवम्बर को दो बार मीटिंग करने के उपरांत भी बांध से सम्बन्धित किसानों को मीटिंग की सूचना नहीं दीं। जिसके कारण 29 की मीटिंग में टेल के किसानों ने धरना-प्रदर्शन करने के कारण अधिकारियों द्वारा दण्ड देने का मनः बना लिया है ताकि आन्दोलित किसान मीटिंग में उपस्थित नहीं हो सकें और निर्णय हेड के किसानों के पक्ष में लेकर टेल के किसानों को फ़सल नुकसान की मंशा को पूर्ण कर लिया। जबकि टोंक जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर चार दिवसों से किसानों का धरना प्रदर्शन चल रहा है परंतु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अब तक धरना स्थल पर पहुंचकर कर किसानों से वार्तालाप संवाद भी नहीं किया गया। पिछले 25 वर्षों पर बीसलपुर बांध पर एक्सन कार्यरत मनीष बंसल द्वारा बीसलपुर बांध से गाद निकालने की व्यवस्था का टेंडर जारी हुआ। तीन जगहों से गाद निकाली जानी चाहिए थी परंतु गाद निकाले जाने वाले चिन्हित स्थानों से गाद नहीं निकाल कर अन्य स्थानों पर मशीन बजरी निकालने के लिए बड़े-बड़े टैंकर मंगवाई जा रहे हैं। करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बांध के बिच में बने टापूओं पर छोटी-छोटी मछलियों को निकाल कर सूखाने का कार्य आरम्भ जारी है। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी की संपत्ति की जांच होनी अति आवश्यक है। पिछले वर्षों में बीसलपुर बांध की नहरे के लिए 200 करोड रुपए तक खर्च हो गए परंतु नेहरों की स्थिति ढांक के तीन पात है। आक्रोशित किसानों ने धरना स्थल पर ही जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल का पुतला फुंक कर विरोध जताया। लोकसभा प्रभारी भरतराज मीना,अध्यक्ष कालुराम गुर्जर रामकिशोर मीना,मंदोदरी राजनीति धनवंती ग्यारसी फॉरेंती कल्पना सहित दर्जनों महिला सशक्तिकरण भी मौजूद रहीं। राष्ट्रीय किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने कहा कि अब तक चार दिनों से जिला प्रशासन ने किसानों की कोई सुध नहीं ली है ना ही जिले के जनप्रतनिधियों ने किसानों की पीड़ा सुनी है। अब प्रशासनिक अधिकारियों के पूतला दहन के बाद टोंक जिले के जनप्रतिनिधियों के भी पुतले धन करने की तैयारी आरंभ की जाएगी।



जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल

## शहर में शीत ऋतु में आश्रय विहीन लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए दो 'बसेरा वाहिनी' संचालित की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर नगर निगम अलवर द्वारा सर्दी के बढते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए 'कोई खुले में ना सोए' की भावना से प्रेरित होकर अलवर नगर निगम क्षेत्र के आश्रय स्थलों में सभी आधारभूत व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के साथ आश्रय विहीन लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए 2 बसेरा वाहिनी संचालित की है,नगर निगम द्वारा जारी दूरभाष नंबर पर सम्पर्क करने पर बसेरा वाहिनी आश्रय विहीन व्यक्ति को रैन बसेरा तक पहुँचाएगी। नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार शहर में आश्रय विहिन लोगों को सर्दी के मौसम से बचाने के लिए रात्रि में शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाने हेतु 2 बसेरा वाहिनी चलाई गई है। उन्होंने बताया कि ये दोनों वाहन रात्रि 8 बजे से खुले में सोने वाले लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगी। किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति द्वारा नगर निगम के दूरभाष नं. 0144-2700466, मोबाइल नं. 8949477947 पर सूचित करने पर बसेरा वाहिनी संबंधित व्यक्ति को बैठाकर रैन बसेरों में पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि शीत ऋतु में ठण्ड से ठिठुरते हुए असहाय व्यक्तियों को आश्रय हेतु रैन बसेरों में पहुंचाने के लिए इन दूरभाष व मोबाइल नम्बरों पर सूचित कर मानवता के प्रति भागीदारी निभावे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनर्स के वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं।

## पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु 5 दिसम्बर को कोषालय स्तर पर शिविर होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कोषाधिकारी अलवर ने बताया कि पेंशनर्स की मुख्य परिवेदनाओं यथा जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के निस्तारण हेतु 5 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक कोषालय स्तर पर शिविर आयोजित होगा।

## मोबाइल रिपेयरिंग के &0 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र इ'छुक व्यक्ति कर सकते है आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आरसेटी निदेशक श्री जे पी मीणा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी ) के प्रतापबास अलवर स्थित सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 1& में आरसेटी के कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पुरुषों का मोबाइल रिपेयरिंग का &0 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिसम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में किया जाएगा। इस दौरान जिसमे प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अतः ग्रामीण क्षेत्र के इ'छुक व्यक्ति संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे ,अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 0144-29408&0, 9462194801 पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

**आवेदन हेतु योग्यता**

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 45 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास होना आवश्यक है। आवेदनकर्ता अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव का स्थाई निवासी हो तथा स्वयं सहायता समूह, बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं आवेदन हेतु पात्र है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा एवं गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गीतांजलि हॉस्पिटल के शुभारम्भ कार्यक्रम में की शिरकत

# प्रदेश का चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता : वन रा'यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण रा'यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा एवं गृह रा'य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने मूंगस्का स्थित गीतांजलि हॉस्पिटल शुभारम्भ कार्यक्रम में शिरकत की। वन रा'यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में मेडिकल सेक्टर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार द्वारा न केवल चिकित्सा बल्कि सडक, विद्युत, पेयजल, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखते हुए प्रतिबद्घता के साथ काम किया किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर को प्राथमिकता में रखते हुए विकास की विभिन्न सौगाते दी गई है, जिनमें बायोलोजिकल पार्क, साइंस पार्क, प्लेटेनेरियम आदि महत्वपूर्ण सौगाते शामिल है। उन्होंने कहा कि शहर की पेयजल समस्या हेतु विधायक निधि की सम्पूर्ण राशि पेयजल को समर्पित की गई जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले को स्व'छता के क्षेत्र में देश व प्रदेश के टॉप शहरों में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गृह रा'य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि गीतांजलि हॉस्पिटल शुभारम्भ पर डॉ. राजवीर चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस हॉस्पिटल से शहर के लोगों की सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के अगुवाई में चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करना रा'य सरकार प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकीय तंत्र को तकनीकी स्वरूप प्रदान आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, सरस डेयरी के चेयरमैन श्री नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता,राजेंद्र कसाना, श्री रमन गुलाटी सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की संघर्ष चेतना यात्रा पहुंची जिला राजसमंद

## कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं होने पर पूरे राज्य में कर्मचारी करेंगे धरना प्रदर्शन : महावीर शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अखिल राजस्थान रा'य कर्मचारी संयुक्त महासंघ महासंघ जयपुर के रा'य स्तरीय कार्यक्रम के तहत संघर्ष चेतना यात्रा प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को राजसमंद जिला मुख्यालय पर पहुंची। इस अवसर पर संघर्ष चेतना यात्रा के नेतृत्व करता किशन लाल सारण प्रदेश मुख्य महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील , दीपक खिंची प्रदेश महामंत्री सांख्यकी अधीनस्थ कर्मचारी संघ, शिवराज चौधरी प्रदेश महामंत्री राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर,राम किशोर मीणा,प्रदेश संयोजक रा'य बीमा विभाग कर्मचारी संघ जयपुर ,हिमांशु यादव प्रदेश महामंत्री रा'य बीमा विभाग कर्मचारी संघ जयपुर , मोहन मीणा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ,हेमन्त खराड़ी रा'य उपाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत,हेमंत पालीवाल जिलाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ उदयपुर, प्रहलाद अग्रवाल प्रदेश संयोजक बीमा कर्मचारी संघ के सानिध्य में राजसमंद के कर्मचारी संगठनों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में कर्मचारियों के लिए बहुत ही कठिन समय आ रहा है ।वर्तमान सरकार कर्मचारी नेताओं का दमन कर रही हैं ,जिससे कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करे ,जब महासंघ ही नहीं बोल पाएगा तब घटक संघों की स्तिथि और दयनीय हो जाएगी ,सरकार पुनः ठ्ठश्चह्य को लागू करना चाहती हैं ,संविदा कर्मियों को स्थाई नहीं किया जा रहा,कर्मचारियों के लिए अब तक कोई स्थानांतरण नीति नहीं बनाई गई,राजकीय सेवा में आने के बाद कर्मचारी की पदोन्नति नहीं होती जबकि अधिकारी वर्ग सभी लाभ प्राप्त कर रहे है ,आने वाला 8 वे वेतन आयोग में भी कर्मचारियों को कुछ नहीं मिलने वाला बल्कि महंगाई दर के अनुपात में कम कर देंगे ,यदि संगठन मजबूत नहीं रहा तो दमन ओर बढ़ेगा। महासंघ प्रदेशों अध्यक्ष ने कहा कि संगठन लगातार सरकार के ध्यानाकर्षण हेतु ज्ञापन ओर अन्य कार्यक्रम कर रहा है। 15 जनवरी से रा'य स्तरीय कार्यक्रम ज्ञापन धरना प्रदर्शन आंदोलन कार्य बहिष्कार आदि करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। प्रदेश अध्यक्ष के महासंघ जिला कार्यकारिणी के आगामी चुनाव 7 दिसंबर को राजसमंद में रखने का आदेश भी जारी किया। जिला अध्यक्ष राजेश जोशी ने प्रदेश कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि जब भी प्रदेश आव्हान करेगा जिला राजसमंद सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहेगा। राजसमंद जिले के सभी कर्मचारी महासंघ के साथ है ।तत्पश्चात सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया । अंत में रा'य सेवा से सेवानिवृत वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री वैष्णव तथा ग्राम विकास अधिकारी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह देवड़ा का प्रदेश कार्यकारिणी ओर राजसमंद जिले के सभी साथियों ने स्वागत अभिनन्दन कर विदाई दी तथा वाहन रैली के रूप में संघर्ष चेतना यात्रा रथ ने जयपुर की और प्रस्थान किया।

## जिला कलक्टर ने ली जयपुर विद्त विभाग में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जयपुर डिस्कॉम विद्युत विभाग (जेवीवीएनएल) में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर निर्देशित दिए कि पीएम सूर्य घर योजना सहित सोलर योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने हेतु साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने जयपुर डिस्कॉम में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता जयपुर डिस्कॉम एवं प्रसारण निगम को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पीएम सूर्यघर योजना के निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने हेतु साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक कार्य योजना बनाकर गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि 2 फरवरी को आयोजित होने वाली आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व ही पीएम सूर्यघर योजना में अलवर जिला जयपुर डिस्कॉम में प्रथम रैंक पर रहे तथा मार्च 2026 तक अलवर जिले को प्रदेश में टॉप 5 जिले में लाए। उन्होंने निर्देश दिये कि बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करते हुए अलवर जिले के किसानों को कृषि कार्य हेतु अधिकतम दिन में ही विद्युत सप्लाई देने का प्रयास करें। उन्होंने इस संदर्भ में फीडर सुधार कार्य व नए फीडर शुरू करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर समेत जिले में ईवी चार्जिंग हेतु करीब 50 नए चार्जिंग स्टेशन के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर आगामी & दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## केलवा पुलिस सुस्त, चोर हुए मस्त-जैतपुरा में चोरों का आतंक बढ़ा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में पिछले चार महीनों से लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने ग्रामीणों और उद्योग संचालकों की नींद उड़ा दी है। क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने मार्बल और ग्रेनाइट उद्योगों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया है, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। इससे व्यापारियों में गहरी नाराजग़ी है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

बीती रात जैतपुरा स्थित मैक्स ग्रेनाइट पर चोरों ने धावा बोलते हुए 1000 से 1200 सेगमेंट, करीब 60 हजार रुपए का माल चोरी कर लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें तीन संदिग्ध चोरों की गतिविधियाँ स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं।

**पिछले चार महीनों में चोरी की बड़ी वारदातें :** हरि कृपा ग्रेनाइट (24 अप्रैल): लगभग 90,000 रुपए की सामग्री चोरी।

**नीलकंठ ग्रेनाइट (21 मई):** करीब 40,000 रुपए की कॉपर केबल चोरी।

**शिव शंकर ग्रेनाइट (28 मई):** 1,25,000 रुपए की केबल चोरी।

**जय भवानी ग्रेनाइट्स:** लगभग 90,000 रुपए की कॉपर केबल चोरी।

**महादेव ग्रेनाइट:** 20,000 रुपए के सेगमेंट चोरी।

**एस.एल. ग्रेनाइट, बामन टुकड़ा:** करीब 1.5 लाख रुपए की केबल चोरी।

**चामुंडा किराना स्टोर, जैतपुरा:** 40,000 रुपए का सामान चोरी।

**दर्केश ग्रेनाइट:** लगभग 2,000 सेगमेंट चोरी।

**निर्मल लोहार स्क्रैप:** स्क्रैप चोरी की वारदात। लगातार हो रही घटनाओं से साफ है कि क्षेत्र में संगठित चोर गिरोह सक्रिय है, जिसके निशाने पर औद्योगिक इकाइयाँ और व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं।

**व्यापारियों का पुलिस पर भरोसा टूटता हुआ :** स्थानीय व्यापारियों और उद्योगपतियोंरमेश बिहानी, भगवती तेली, लालू राम सिंधल, नाथू लाल, देवी लाल, दया राम देवड़ा, खेमराज पालीवाल, डालचंद गुर्जर, गणेश व अन्य ने पुलिस की धीमी कार्यवाही पर कड़ा रोष जताया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बाद भी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई न होने से अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल :** ग्रामीणों व उद्योग संचालकों ने रात्रि गश्त बढ़ाने, औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चोरी की वारदातों का जल्द खुलासा करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो क्षेत्र में बढ़ता अपराध व्यापार जगत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। जैतपुरा में बढ़ते अपराधों ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, जबकि पुलिस की धीमी कार्यवाही अब सवालों के घेरे में है।

चकरी, सहरिया, चंग ढप, क'छी घोड़ी सहित विविध लोक नृत्यों पर झूमे देशी-विदेशी पर्यटक

# कुंभलगढ़ फेस्टिवल के पहले दिन दिखा लोक नृत्य, गीत और संस्कृति का रंगारंग समागम

बढ़ता राजस्थान





**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ। कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ और जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कुंभलगढ़ दुर्ग पहुँचकर कार्यक्रमों की शुरुआत की। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच, उप निदेशक शिखा सक्सेना, एसडीएम साक्षी पूरी, सहायक निदेशक विवेक जोशी, सहायक निदेशक जितेंद्र माली, पर्यटक अधिकारी नीलू राठौड़, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा देश-विदेश से आए पर्यटक उपस्थित थे। उप निदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने बताया कि दिनभर विभिन्न लोक नृत्य शैलियों — चकरी, सहरिया, चंग ढप, क'छी घोड़ी, लाल अंगी, बांकिया, बहरूपिया, कालबेलिया, लंगा और गवरी आदि की मनमोहक प्रस्तुतियाँ लोक कलाकारों द्वारा दी गईं। शाम 7 बजे एकम-मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा विविध नृत्य शैलियों का वाइब्रेंट कोलाज प्रस्तुत किया गया, जिस पर दर्शकों की तालियों की गूंज चारों ओर सुनाई दी। दिनभर चले कार्यक्रमों में पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और लोक कलाकारों के साथ थिरकते नजर आए। देशी और विदेशी पर्यटकों में स्थानीय लोक नृत्य, गीत-संगीत और राजस्थानी व्यंजनों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। पर्यटकों में उत्साह ऐसा रहा कि वे लोक कलाकारों की धुन पर खुद को रोक नहीं पाए और संगीत की ताल के साथ झूमते हुए नाच उठे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों के बीच देशी-विदेशी पर्यटक भी कदम मिलाते दिखाई दिए। सभी ने लोक नृत्य, गीत और लाइव प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया, जिससे पूरे परिसर में उल्लास का अद्भुत माहौल बना रहा। पगड़ी बांधों प्रतियोगिता को लेकर भी पर्यटक खासा उत्साहित दिखे। दिनभर दुर्ग में पर्यटकों की खूब भीड़ रही। लोग कुंभलगढ़ दुर्ग की प्राचीन वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य की सैर करते हुए फेस्टिवल के हर कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। परिवारों से लेकर युवा समूहों तक सभी में उत्साह स्पष्ट दिखा और पूरे आयोजन में रौनक देखने लायक रही। पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए।

**2-& दिसंबर को होंगे ये कार्यक्रम :** मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को शाम 7 बजे लोकराग-संदीप रत्नू द्वारा लोक संगीत का नाट्य प्रस्तुतीकरण होगा। बुधवार, & दिसंबर 2025 को शाम 7 बजे नगाड़ा कॉन्सर्ट-डांसिंग पीकॉक द्वारा ड्रम ओडिसी का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यक्रम कुंभलगढ़ दुर्ग, राजसमंद में आयोजित होंगे। साथ ही & दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर में राजस्थानी लोक नृत्य-संगीत, पगड़ी पहनाओ प्रतियोगिता, टग ऑफ वॉर सहित कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएँगी।

# आईएएस संतोष वर्मा के आरक्षण पर दिए विवादित बयान से भड़का ब्राह्मण समाज, सड़क पर उतरकर किया उग्र प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** मध्य प्रदेश में कार्यरत आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा आरक्षण और अंतर-जातीय विवाह को लेकर दिए गए विवादित बयान पर देशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में, राजस्थान के बूंदी में ब्राह्मण समाज ने आज सडक़ पर उतरकर उनके खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की।

### पुतले को चप्पल-जूते से मारकर विरोध किया

ब्राह्मण समाज ने कलेक्ट्रेट तक एक विशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान, महिलाओं और युवाओं ने मिलकर कलेक्ट्रेट के बाहर आईएएस संतोष वर्मा के पुतले को पहले चूडियाँ पहनाईं और फिर जूते-चप्पल से पीटकर अपना गुस्सा व्यक्त किया। इसके बाद पुतले का दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों में विशेषकर महिला शक्ति का आक्रोश साफ दिखाई दिया, क्योंकि वर्मा ने अपने बयान में कथित तौर पर कहा था: आरक्षण खत्म करना है तो मेरे बेटे से ब्याह दो अपनी बेटियां इस बयान को समाज की बहन-बेटियों के अपमान के रूप में देखा जा रहा है। काला मुंह और जूते की माला पहनाने वाले को 1 लाख का इनाम। प्रदर्शन के दौरान, ब्राह्मण समाज ने ढ्रुस् संतोष वर्मा के खिलाफ एक बड़ा ऐलान किया। समाज ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस अधिकारी का काला मुंह करके और जूते की माला पहनाकर घुमाएगा, बूंदी का ब्राह्मण समाज उसे 1 लाख का नकद इनाम देगा।



### प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें

- भले ही मध्य प्रदेश सरकार ने संतोष वर्मा को एपीओ कर दिया हो, लेकिन बूंदी के ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन के दौरान निम्नलिखित तीन मुख्य मांगें रखीं-
- आईएएस संतोष वर्मा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए उन्हें जेल में डाला जाए।
- अगर समय रहते मांगें पूरी नहीं हुई, तो देशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।
- सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच और प्रदर्शनकारी चंद्रशेखर ने अपने बयानों में कहा कि यह बयान समाज के लिए असहनीय है।

### 'तिलक, तराजू, और तलवार' के एक होने पर आरक्षण खत्म करने की चेतावनी

विरोध प्रदर्शन के दौरान, समाज ने केंद्र और राज्य सरकारों को सीधी चेतावनी दी। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मिथलेश दाधीच व अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो देश में तिलक, तराजू, और तलवार (यानी ब्राह्मण, बनिया और राजपूत) एक हो जाएंगे और आरक्षण को समाप्त करके दिखाएंगे। अध्यक्ष मिथिलेश दाधीच ने ब्राह्मणों से यह भी आह्वान किया है कि जो भी ढ्रुस् वर्मा का सर मुड़वाकर काला मुंह करेगा उसे बूंदी सर्व ब्राह्मण समाज 1 लाख का नगद पुरस्कार देगा। इस घटना के बाद, संतोष वर्मा का यह विवादित बयान अब उनके लिए गले की फांस बन गया है। इस दौरान ब्राह्मण घटकों के कई महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## भावपुरः गौ माता के निधन पर भारतीय किसान संघ की अनूठी पहल, दाह संस्कार की परंपरा को दिया बढ़ावा




बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** भावपुर गांव में भारतीय किसान संघ के प्रवक्ता गोपाल राठौर के घर 25 वर्षीय गौ माता का निधन हो गया था । इस घटना के बाद भारतीय किसान संघ ने एक अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। गौ माता के देहांत पर भारतीय किसान संघ के कृषि विपणन प्रमुख पहलाद धाकड़, अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लाला सहित संगठन के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान संघ पदाधिकारियों ने कहा कि गौ माता का भी दाह संस्कार होना चाहिए। यह सनातन संस्कृति का सम्मान है और इससे उनके शरीर से जुड़े किसी भी द्रव्य का दुरुपयोग नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि गौ सम्मान और गौ संरक्षण की यह परंपरा पूरे भारत वर्ष में प्रसारित होनी चाहिए, ताकि समाज में गौ माता के प्रति सम्मान और संवेदना और अधिक मजबूत हो। गांव के लोगों और परिवारजनों ने भी इस पहल का समर्थन किया। ग्रामीणों का कहना था कि यह कदम सनातन धर्म की मर्यादा को कायम रखने के साथ-साथ समाज में एक सकारात्मक संदेश स्थापित करेगा।

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10-11 जनवरी को, रजिस्ट्रेशन फॉर्म का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में 28वां दो दिवसीय विशाल अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10-11 जनवरी को नयापुरा स्थित उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। सम्मेलन के रजिस्ट्रेशन फॉर्म का विमोचन सोमवार को संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल ने किया। संभाग महामंत्री संजय गोयल ने बताया कि इस सम्मेलन में कोटा के साथ झालावाड़, बारां, जयपुर, देवली, नीमच, इंदौर, भोपाल, दिल्ली, गुजरात, उदयपुर, बीकानेर तथा बूंदी सहित देशभर से युवक-युवती और परिजन शामिल होंगे। पंजीयन के लिए 101 केंद्र बनाए गए हैं, जहां रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 21 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल लगातार 20 वर्षों से समाज को एक मंच पर जोडक़र युवाओं को योग्य जीवनसाथी चयन का अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। महिला अध्यक्ष कमला मित्तल और महामंत्री रूपा अग्रवाल ने बताया कि रजिस्ट्रेशन फॉर्म विमोचन कार्यक्रम में समाजसेवी संदीप अग्रवाल चांदीवाले, नवल किशोर गर्ग, गजानंद सिंगल, प्रमोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, आशीष गोयल और लाभांश सिंगल उपस्थित रहे।

## खातौली में पंचायत समिति बनाने की मांग तेज
## नायब तहसीलदार को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**खातौली/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र की इटावा पंचायत समिति के बढ़ते दायरे को देखते हुए खातौली कस्बे में पंचायत समिति स्थापित करने की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार भंवर सिंह को राजस्थान के मुख्यमंत्री, पंचायत राज मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग उठाई कि खातौली को नई पंचायत समिति का दर्जा दिया जाए।

गौरतलब है कि पिछली जनगणना के आधार पर मतदाताओं की संख्या बढ़ने के बाद वर्ष 2025 में 12 नई ग्राम पंचायतों का गठन किया गया। इसके बाद इटावा पंचायत समिति के अधीन कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 30 से बढक़र 42 हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों पर कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे योजनाओं के कार्य समय पर नहीं हो पा रहे।

खातौली क्षेत्र के कई गांवों को मौजूदा समय में 40-50 किलोमीटर दूर इटावा पंचायत समिति के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विशेष रूप से केथूदा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यदि खातौली में पंचायत समिति गठित हो जाती है तो आसपास की दर्जनभर ग्राम पंचायतें केवल 5-8 किलोमीटर की दूरी में आ जाएंगी और ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

# जिला कलक्टर ने किया राजकीय बालिका गृह का निरीक्षण

### आवासरत् बालिकाओं से सुविधाओं की जानकारी ली, टॉय रूम का किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जिला बाल संरक्षण इकाई के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने सोमवार को राजकीय बालिका गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासरत् बालिकाओं से संवाद कर वहां उपलब्ध भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलक्टर ने बाल कल्याण समिति के सदस्यों से लम्बित प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट मांगी और सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नारी निकेतन की आवासनी रीना के 11 दिसम्बर को प्रस्तावित विवाह के लिए भामाशाहों से सहयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी अधीक्षक को दिए। निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, सदस्य ऋषभ कुमार जैन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णियां, सहायक निदेशक रामराज मीना, परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम, गौरी शंकर मीना एवं अधीक्षक अंशुल मेहंदीरत्ता उपस्थित रहे। इसी दौरान कलक्टर समारिया ने राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी कोटा में निदेशक डॉ. कीर्ती सोनी (जौहरी जेम्स एंड ज्वेल्स प्रा. लि.) द्वारा निर्मित टॉय रूम का उद्घाटन भी किया, जिससे आवासरत बालक-बालिकाओं को मनोरंजन व सीखने की नई सुविधा मिली।



# विश्व एड्स दिवस पर किया श्रमिकों को जागरूक, बताया शीघ्र निदान क्यों है जीवनरक्षक



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना ने विश्व एड्स दिवस (1 दिसंबर) के अवसर पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। रामगंज बालाजी स्थित एसटीपी साइट पर काम कर रहे श्रमिकों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया गया। यह पहल रूडीप की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन में और सहायक अभियंता मोहित भट्ट के सहयोग से की गई।

कैप आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने इस वर्ष की थीम विघटन पर विजय, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक निदान और उपचार इस परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण है। एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी न केवल व्यक्ति को स्वस्थ रखती है, बल्कि आगे के संक्रमण की संभावना को भी लगभग शून्य कर देती है। उन्होंने शुरुआती चेतावनी संकेतों को नजऱअंदाज़ न करने की अपील की। इस कार्यक्रम में सपोर्ट इंजीनियर हर्ष शर्मा, संवेदक फर्म खिलाड़ी इंफ्रा के सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा, दीपक पत्रा, गौरव प्रताप सिंह सहित कई श्रमिक साथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## श्री लक्ष्मीनाथ जी की नगर परिक्रमा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



बढ़ता राजस्थान

**सुकेत/कोटा (नि.स.)।** सुकेत कस्बे में सोमवार को श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण से भगवान श्री लक्ष्मीनाथ की भव्य नगर परिक्रमा निकाली गई। सुबह पूजा-अर्चना के बाद भगवान को रथ रूपी वाहन में विराजित कर ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ परिक्रमा प्रारंभ हुई। परिक्रमा मार्ग श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से होते हुए चारभुजा जी मंदिर, बगीची के बालाजी, जुल्मी रोड, टंकी चौराहा, बड़ा चौराहा, नरसिंह मंदिर, होली खूट आश्रम, माली मंदिर और गणेश मंदिर होकर लखारा मोहल्ला से पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचा। मार्ग में श्रद्धालु म्हारा बाल गोविन्दा जी, महारे घर रमवा आओ जी, राधे-राधे जपो जैसे मधुर भजनों का कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। विभिन्न स्थानों पर मंदिर पुजारियों ने आरती उतारी और भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भगवान की अगवानी की। परिक्रमा में बड़ी संख्या में महिलाएँ, बुजुर्ग और युवक शामिल हुए। अंत में मंदिर प्रांगण में आरती की गई।

# समय पर शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन कार्य पूरा करें-जिला निर्वाचन अधिकारी

- गणना प्रपत्र कलेक्शन की गति धीमी नहीं हो

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पीयूष समारिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित लाडपुरा एवं कोटा उत्तर एवं कोटा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के ईआरओ, एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की बैठक में कहा कि सभी गणना प्रपत्र समय पर कलेक्ट कर डिजिटाइज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर प्रक्रिया की तिथि बढऩे से डिजिटाईजेशन की गति कम नहीं हो और आगामी दो दिनों में शत्-प्रतिशत कार्य पूरा किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ सुपरवाईजर से उनके क्षेत्र में मैपिंग, फॉर्म डिजिटाईजेशन एवं एएसडी वोटर्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक सुपरवाईजर से डिजिटाईज नहीं हुए फॉर्म की संख्या पूछी और कहा कि डिजिटाईजेशन के लिए 11 दिसम्बर का इंतजार नहीं करें और जल्दी से जल्दी कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि जहां 10 प्रतिशत से अधिक एएसडी वोटर्स हों वहां एईआरओ खुद वेरीफाई करें। उन्होंने सभी एईआरओ से उनके क्षेत्र में गणना प्रपत्र कलेक्शन एवं डिजिटाईजेशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ पहले की तरह अपनी गति बरकरार रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि किसी कारणवश मैपिंग नहीं हुई हो तब भी गणना प्रपत्र अवश्य जमा कराएं, क्योंकि केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल होंगे जिन्होंने समय पर अपने प्रपत्र जमा करवाए हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह यादव ने सभी एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को शीघ्र गणना प्रपत्र कलेक्शन, डिजिटाईजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो वोटर्स फॉर्म जमा नहीं करवाए उन्हें अनकलेक्टेबल कैटेगरी में लें और संबंधित बीएलए के हस्ताक्षर करवाएं। उन्होंने कहा कि जिन वोटर्स का गणना प्रपत्र जमा नहीं होगा उनका नाम ड्राफ्ट रोल में नहीं आ सकेगा। इस संबंध में मतदाताओं को जागरूक करें और उन्हें समझाएं ताकि वे गणना प्रपत्र सम्बंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं। बैठक में ईआरओ कोटा उत्तर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र श्री अनिल कुमार सिंघल, ईआरओ कोटा दक्षिण श्रीमती हुकम कंवर, ईआरओ लाडपुरा श्री गजेन्द्र सिंह, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर उपस्थित थे।

### प्रभारी-अध्यक्ष की भिड़ंत मारपीट तक पहुंची

# कोटा कांग्रेस के बोरखेड़ा मंडल की बैठक में तू-तू मैं-मैं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** कोटा में कांग्रेस के 'वोट चोरी रोकथाम महाअभियान' के तहत आयोजित बोरखेड़ा मंडल की बैठक शनिवार शाम हंगामे में बदल गई। बैठक का उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करना था, लेकिन मंडल अध्यक्ष दीपक नामदेव और लाडपुरा विधानसभा प्रभारी नेमीचंद के बीच शुरू हुई बहस अचानक इतने तनाव में बदल गई कि आरोपों, धक्कामुक्की और धमकियों तक बात पहुंच गई। माहौल बिगडऩे पर बैठक बीच में ही बंद करनी पड़ी। पूरा घटनाक्रम कमरे में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया।

### कैसे भडक़ी बहस?

प्रभारी नेमीचंद का कहना है कि वे सिर्फ एसआईआर पर चर्चा चाहते थे, जबकि मंडल अध्यक्ष दीपक नामदेव सामाजिक कार्यक्रमों की बात लेकर बैठे थे। दोनों के बीच इसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हुई। नामदेव के अनुसार, नेमीचंद ने आरोप लगाया कि मंडल की ओर से होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों में उन्हें बुलाया तक नहीं जाता। इस पर नामदेव ने साफ किया कि वे कार्यक्रम राजनीतिक नहीं होते और समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहती है। आरोप है कि इसी दौरान नेमीचंद भडक़ गए और विवाद बढ़ता चला गया।

### प्रभारी ने मेरा अंगूठा मरोड़ा, गालियां दीं और गोली मारने की धमकी तक दे डाली- दीपक नामदेव

मंडल अध्यक्ष दीपक नामदेव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा नेमीचंद ने बैठक के दौरान उनका अंगूठा मरोड़ा उन्हें गालियां दीं, बाहर निकलते समय गोली मारने की धमकी तक दे दी। नामदेव का दावा है कि प्रभारी सामाजिक कार्यों को भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी टीम रक्तदान, चिकित्सा शिविर, पौधरोपण और गौ सेवा जैसे सामाजिक कार्य करती है, जिनका किसी राजनीतिक एजेंडे से संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि गाली कौन दे रहा है और धमकी कौन दे रहा है।

### प्रभारी का पलटवार नामदेव और उनके समर्थकों ने माहौल बिगाड़ा

लाडपुरा प्रभारी नेमीचंद ने नामदेव के आरोपों को खारिज किया और कहा वे सिर्फ एसआईआर पर चर्चा करने आए थे। दीपक ने उनकी बात सुनने से मना कर दिया, बैठक के दौरान दीपक ने एक कार्यकर्ता निखिल सोनी को थप्पड़ मारा, उन्होंने इसका विरोध किया तो माहौल और बिगड़ गया। प्रभारी का यह भी आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज को एडिट कर उनके खिलाफ गलत जानकारी फैलाई जा रही है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से की है। नेमीचंद ने यह भी दावा किया कि पार्टी नामदेव को पहले भी नोटिस दे चुकी है, जिसके बाद वे और आक्रोशित हो गए और अब गलत संदेश फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं।

### निष्कर्ष

कांग्रेस के भीतर जारी आंतरिक खींचतान एक बार फिर सार्वजनिक रूप से सामने आ गई है। एसआईआर पर होने वाली साधारण बैठक धमकियों और आरोपों में बदल गई। दोनों पक्ष अपने-अपने वीडियो और तर्क लेकर मैदान में है, जबकि पार्टी नेतृत्व के लिए यह घटना अनुशासन और संगठनात्मक एकता पर बड़ा सवाल छोड़ती है।

## कोटा में 'जूता चोर' का कमाल हेलमेट पहनकर घर में घुसा, नए शूज पॉलिथीन में डालकर निकल गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** कोटा में एक अजीबोगरीब चोरी ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। तलवंडी सेक्टर-2 में दिनदहाड़े एक बदमाश स्टूडेंट के घर में घुसा और कीमती सामान छोडक़र सिर्फ नए जूते उठा ले गया। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है और अब इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में नजर आता है कि हेलमेट लगा एक युवक बाइक से उतरकर सीधे सीढिय़ों तक पहुंचता है, इधर-उधर नजर दौड़ाता है और बड़े आराम से नए जूते पॉलिथीन में डालकर चलता बनता है। जैसे—जूतों को पहले से ही पहचान कर आया हो। स्टूडेंट बोले—'तीन जोड़ी रखे थे, लेकिन उसका टारगेट मेरे नए जूते ही थे।

# अन्नदाता का हित सर्वोच्च प्राथमिकता, रबी फसलों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी- बेढ़म

### एक्शन मोड में दिखे मंत्री बेढ़म, विद्युत अधिकारियों की आपात बैठक में दो टूक- किसानों को मिले दिन-रात निर्बाध बिजली

### बिजली चोरों पर पुलिस के साथ मिलकर करें कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** रबी की फसल के महत्वपूर्ण समय में किसानों को हो रही बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सोमवार को अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। नगर विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में व्यवधान की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की श्आपात समीक्षा बैठक बुलाई और स्पष्ट कर दिया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता या कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### किसान का मुनाफा मेरी प्राथमिकता

बैठक में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता बी.एल. वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री बेढ़म ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा यह समय किसान के लिए गोल्डन पीरियड है। आगामी फसलों में किसान को मुनाफा तभी होगा जब उसे समय पर पानी मिलेगा। इसलिए, यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए तय ब्लॉक में श्निर्बाधश् (बिना ट्रिपिंग के) बिजली मिले। तकनीकी खामियों को युद्ध स्तर पर सुधारा जाए।

ओवरलोडिंग पर वार अवैध ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में ओवरलोडिंग और बार-बार ट्रिपिंग की मुख्य वजह श्बिजली चोरीश् को बताते हुए गृह राज्य मंत्री ने सख्ती अपनाई।

उन्होंने निर्देश दिए कि सघन अभियान क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे ट्रांसफार्मरों और अवैध कनेक्शनों को तुरंत चिन्हित कर जब्त किया जाए। जीरो टॉलरेंस बिजली चोरी करने वाले रसूखदारों को भी बख्शा न जाए। जो भी सिस्टम को नुकसान पहुंचा रहा है, उस पर सख्त कार्रवाई हो।



#### निष्कर्ष

सोमवार को हुई यह बैठक और मंत्री जी के सख्त निर्देश इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि मंत्री महोदय के निर्देशों का असर जल्द ही विद्युत आपूर्ति में सुधार के रूप में दिखाई देगा।

#### प्रशासनिक समन्वय की मिसाल पुलिस देगी पूरा संरक्षण

विद्युत कर्मियों द्वारा कार्रवाई के दौरान सुरक्षा की चिंता जताने पर, गृह राज्य मंत्री ने अपनी श्त्वरित कार्यशैलीश् का परिचय दिया। उन्होंने बैठक के बीच से ही जिला पुलिस अधीक्षक को दूरभाष पर निर्देशित किया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान में विद्युत विभाग की टीमों को पर्याप्त पुलिस जाब्ता मुहैया कराया जाए। मंत्री जी ने कहा, बिजली विभाग और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर काम करें। सरकारी काम में बाधा डालने वाले और बिजली चोरों पर कानूनी कार्रवाई हो, ताकि ईमानदार किसान को उसका हक मिल सके।

## पौष्टिक भोजन और मेंटल हेल्थ के लिए स्कूल विद्यार्थियों को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सरकार के ईट राइट कैंपेन के तहत भरतपुर में विभिन्न स्कूलों, राजकीय नर्सिंग आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर , जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र भरतपुर बीएससी नर्सिंग कॉलेज भरतपुर, श्री दिगंबर जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र सेवर, श्री दिगंबर बीएससी नर्सिंग कॉलेज सेवर, कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय तुहिया भरतपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरसों भरतपुर, आर्य विद्यापीठ भुसावर में स्थित बी एड कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। आयुक्त, (खाद्य सुरक्षा-औषधि नियंत्रण) डॉ. टी शुभमंगला के निर्देशानुसार हुए कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभाव बताए। शारीरिक व्यायाम के साथ ही आदर्श दिनचर्या अपनाने को भी कहा। सीएमएचओ डॉ गोरव कपूर ने बताया कि जंक फास्ट फूड (पिज्जा, बर्गर, मोमोज, पेटीज व नूडल्स आदि) में चीनी, नमक, तेल, मैदा, ट्रांस फैट व प्रिजर्वेटिव का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे बच्चों युवाओं में कम उम्र में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग के लक्षण दिखाई देते हैं। मिलेट्स और देशी खानपान को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश शर्मा रूप सिंह व रोशन लाल यादव एवं दिल्ली एफएसएसएआई से ईशा श्री उपस्थित रहे।

## बाड़ी बार संघ के चुनाव को लेकर प्रक्रिया हुई शुरू

### 02 से 05 दिसंबर तक आवेदन, 10 तक नाम वापिसी, 12 को होगा मतदान एवं आएगा परिणाम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सोमवार से प्रक्रिया जारी हो गई है। बार संघ द्वारा चुनाव के लिए तीन सदस्यीय अधिवक्ताओं की चुनाव टीम बनाई गई है। संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक ने बताया कि बार संघ चुनाव को लेकर 2 दिसंबर से 12 दिसंबर तक प्रक्रिया चलेगी। कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम इस चुनाव को लेकर अधिकृत की गई है। जिसमें चुनाव अधिकारी एडवोकेट भगवान सिंह गुर्ज,राधेश्याम उपाध्याय और बृजकिशोर शर्मा को बनाया गया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि बार संघ के चुनाव बार काउंसिल आफ राजस्थान के नियम अनुसार कराई जाएंगे। जिसमें दो दिसंबर से 5 दिसंबर तक आवेदन पत्रों का वितरण एवं जमा किया जाएगा। 6 से 8 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 10 दिसंबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसके बाद एक से अधिक आवेदन मिलने पर 12 दिसंबर को कोर्ट परिसर में 12 से 3 बजे तक मतदान होगा और तत्काल बाद मतों की गणना कर चुनाव परिणाम जारी किया जाएगा। चुनाव अधिकारी एडवोकेट गुर्जर ने बताया की बाड़ी बार एसोसिएशन के अंतर्गत 130 अधिवक्ताओं का रजिस्ट्रेशन है। यह अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सहित 07 पदों पर चुनाव लड़ सकते हैं। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष और ऑडिटर पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे। बार संघ की बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता बनवारी लाल पाराशर, बृजनाथ सिंह बैसला, रविंद्र शर्मा, राकेश लवानिया, महेश शर्मा, होतम सिंह खटाना, शौकत अली, सुजीत लहचोरिया, सत्येंद्र परमार, विपिन गर्ग, जाकिर रिजवी, सुरेंद्र सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अमृता हाट मेले में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एम.एस.जे. कॉलेज ग्राउंड, भरतपुर में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित संभागीय स्तरीय अमृता हाट मेला विविध गतिविधियों के साथ निरंतर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के अंतर्गत सोमवार को चित्रकला, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




उप निदेशक, महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में छवि चौधरी ने प्रथम स्थान, राधिका कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा जाह्नवी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में किरन प्रथम, जाह्नवी पराशर द्वितीय तथा पारुष्णि तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप चार ने प्रथम, ग्रुप एक ने द्वितीय एवं ग्रुप दो ने तृतीय स्थान हासिल कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले के दौरान महिला अधिकारिता एवं प्रयत्न संस्था की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शालो हेम्ब्रोम द्वारा बालिकाओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिभागियों और महिलाओं को बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। अमृता हाट मेले में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जो ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है।

## आत्मा योजना के तहत डीग से 40 प्रगतिशील किसानों का दल अंतरराज्यीय भ्रमण पर रवाना

### उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में सीखेंगे उन्नत खेती और पशुपालन के गुर

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के समावेश और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से, राज्य सरकार की आत्मा योजना के अंतर्गत डीग जिले के 40 प्रगतिशील किसानों का एक दल सोमवार को अंतरराज्यीय भ्रमण के लिए रवाना हुआ। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और संयुक्त निदेशक कृषि निदेशक कृषि राम कुंवर जाट ने कलेक्ट्रेट रोड से बस को हरी झंडी दिखाकर इस ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए रवाना किया। यह दल 7 दिनों तक उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न कृषि और अनुसंधान संस्थानों का दौरा करेगा।



संयुक्त निदेशक कृषि विभाग रामकुवर जाट ने बताया कि यह भ्रमण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा के अनुपालन में आयोजित किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के किसान अपने राज्य की सीमाओं से बाहर निकलकर देश के अन्य प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों का दौरा करें। वहां कृषि के क्षेत्र में अपनाई जा रही नई तकनीकों और नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखें, सीखें और वापस आकर अपने खेतों में उन्हें अपनाएं। इसका उद्देश्य केवल भ्रमण नहीं, बल्कि ज्ञान का आदान-प्रदान और क्षमता संवर्धन है। इस 7 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा बेहद वैज्ञानिक तरीके से तैयार की गई है, जिसमें फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन पर भी विशेष जोर दिया गया है। संत संयुक्त निदेशक जाट ने भ्रमण के मुख्य पड़ावों की जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की इस यात्रा का पहला पड़ाव मखदूम स्थित केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान होगा। यहाँ किसान वैज्ञानिक विधि से बकरी पालन और पशुपालन की बारीकियां सीखेंगे, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार है। इसके पश्चात यह दल ग्वालियर स्थित कृषि विश्वविद्यालय (जीवाजी यूनिवर्सिटी के समीप) का दौरा करेगा, जहाँ शैक्षणिक और प्रायोगिक खेती के तरीकों को समझा जाएगा।

## शहर की चोबदार गली में भैरवनाथ मंदिर में चोरी की घटना

### दानपेटी का ताला तोड़कर हजारो की नगदी चोरी, पीतल की झालर और अन्य सामान भी चोरी




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के चोबदार गली स्थित भैरव बाबा मंदिर में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। जिसको लेकर श्रद्धालुओं को सोमवार को दिन में पता लगा है। ऐसे में पुलिस में रिपोर्ट कराई गई है। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोबदार गली स्थित भैरव बाबा मंदिर के श्रद्धालु मुकेश विधौलिया ने बताया की मंदिर में देर रात यह चोरी की घटना हुई है। रविवार की शाम को पूजा अर्चना एवं आरती के बाद प्रसादी का वितरण हुआ था और मंदिर के गेट लगाकर सभी श्रद्धालु अपने-अपने घर चले गए थे। सोमवार को दिन में जब मंदिर में महिलाएं पूजा करने आई तो उन्हें सामान बिखरा हुआ और ताले टूटे दिखाई दिए। जिस पर उन्होंने अपने घर पहुच लोगो को जानकारी दी। इस पर चोरी की घटना का पता लगा।

## ट्रक ड्राइवर से अभद्र व्यवहार करने पर गार्ड बर्खास्त

### वीडियो सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** धौलपुर में एक गार्ड का वीडियो वायरल होने के बाद जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने उसकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। यह कार्रवाई जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के निर्देश पर की गई। अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि विभाग राजस्थान सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की छवि खराब करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने इस वायरल वीडियो को लेकर एक जांच दल का गठन किया है। यह दल मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जानकारी के अनुसार, परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजे गए एक वीडियो में शिकायत की गई थी कि उड़ान दस्ता टीम में तैनात सुरक्षा गार्ड ने कागजात मांगने के दौरान ट्रक ड्राइवर से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। वीडियो सामने आने के बाद विभाग ने मामले की जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर संविदा सुरक्षा गार्ड राकेश कुमार की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया गया और इसके संबंध में राजस्थान एक्स-सर्विसमेन कॉरपोरेशन, भरतपुर को पत्र भेजा गया है।

## सीईओ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यों का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित की जाने वाली जिला दर्शन पुस्तिका एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए सभी विभागों को उनसे सम्बन्धित उपलब्धियों को सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## दो दिवसीय महारानी किशोरी केसरी दंगल सम्पन्न

### हरियाणा की नैना बनी महारानी किशोरी केसरी, पलक यादव ने जीता राजस्थान केसरी का खिताब

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला महिला कुश्ती संघ एवं जिला कुश्ती संघ ओलक्पिक के संयुक्त ततवावधान में महारानी किशोरी महिला स्टेडियम में आयोजित हुए दो दिवसीय महारानी किशोरी केसरी दंगल में दूसरे दिन सोमवार को महारानी किशोरी केसरी के रोमांचकारी संघर्षमय फाइनल मुकाबले में हरियाणा की यूथ खेलो इंडिया गेम की गोल्ड मेडलिस्ट नैना कौशिक ने उत्तर प्रदेश की गामिनी चाहर को 8-2 अंकों से पराजित कर विजेता की गुर्ज पर कब्जा जमाया। इसी तरह राजस्थान केसरी के खिताब के फाइनल मुकावले में जोधपुर की पलक यादव ने जयपुर की निष्ठा शर्मा को, बृज केसरी के खिताब के फाइनल मुकावले में नन्दगांव की लवली शर्मा ने मथुंरा की महक चौधरी को व जिला केसरी के फाइनल में धौरमई की हिमांशी ने भरतपुर शहर की अंकिता गुर्जर को पराजित कर विजेता की गुर्ज जीती। दंगल में भाग लेने वाली सभी पहलवानों को आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिंहों के रूप में मैडल भी प्रदान किये गये। दंगल के उपरांत एक समारोह में भाजपा की जिलाध्यक्ष श्रीमति शिवानी दायमा द्वारा विजेता व उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार वितरित किये गये। अध्यक्षता डीग जिले के कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव हरीसिंह चौधरी ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में युवा उद्योगपति अनुराग गर्ग, अपना घर के सचिव वीरपाल सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापत उपस्थित थे। दंगल में निर्णायक की भूमिका मान सिंह, प्रिया फौजदार, अर्जुनगुर्जर, पृथ्वी सिनसिनवार ने निभाई दंगल के आयोजन में राजस्थान केसरी हरवीर सिंह पहलवान, रेंजर मानसिंह, डॉ. विश्वजीत सिंह, हिटलर सिंह, इं. अभिनव कुमार, कमल सिंह गडासिया ने विशेष सहयोग दिया। संचालन यदुवीर सिनसिनी ने किया।



## गर्भवती व धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए पिंक पखवाड़ा

### 1 से 15 दिसंबर तक मिशन मोड पर लगेंगे फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 से 15 दिसंबर तक विशेष पिंक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मिशन मोड पर फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन का उपयोग एनीमिक महिलाओं के लिए किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ गौरव कपूर ने बताया कि पहले से प्रचलित आईएफए यानी कि आयरन की गोलियां द्वारा बहुत धीरे परिणाम प्राप्त होता है। कई महिलाओं को मतली, कब्ज, पेट खराब व अवशोषण की कमी जैसी समस्याओं के चलते इसका ज्यादा लाभ भी नहीं हो पता। ऐसे में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन द्वारा डेढ से दो माह में ही तीन से चार ग्राम हीमोग्लोबिन बढ़ाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। आरसीएचओ डॉ अमर सिंह एफसीएम इंजेक्शन की डोज गणना हेतु गंजोनी सूत्र के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में किसी भी गर्भवती को 1000 मिलीग्राम से अधिक डोज नहीं दी जाए और पूरे गर्भावस्था काल में 1500 मिलीग्राम की अधिकतम सीमा में ही एफसीएम दिया जाए। आरसीएचओ ने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान को पूरी क्षमता के साथ मनाने और आधिकाधिक गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान मध्यम से गंभीर एनीमिया यानी कि 5 से 9 ग्राम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवतियों तथा धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज दिया जाएगा। अभियान के दौरान आशा सहयोगिनी एएनएम एक्टिव मोड पर ऐसी महिलाओं की सूची तैयार करेगी और इन्हें अस्पताल लेकर आएंगी।

## जिले के स्कूलों को मिड डे मील व पन्नाधाय बाल गोपाल योजना योजना का बजट दिया जाए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले के सरकारी स्कूलों में तैनात करीब ढाई हजार मिड डे मील वर्कर्स को बीते 5 माह से मानदेय भुगतान कराने, बच्चों के दोपहर के खाने का पैसा और दूध योजना का बीते 2 साल से लंबित बजट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से नहीं दिए जाने को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आयुक्त मिड डे मील को ज्ञापन भेजकर सरकारी योजनाओं के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु तय गाइड लाइन के तहत सभी स्कूलों को मिड डे मील की तीन माह की राशि अग्रिम दिए जाने तथा दूध व पोषाहार की लंबित राशियों का जल्द बजट उपलब्ध कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयुक्त को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि जिले में पीएम पोषण( मिड डे मील) व पन्नाधाय बाल गोपाल योजना विभागीय उदासीनता के चलते लंबे समय से उधारी की भेंट चढ़ी हुई है। हालात इस कदर खराब है कि पिछले 5 माह से जिले के स्कूलों को कुकिंग कन्वर्जन कॉस्ट व कुक मानदेय राशि एवं करीब दो साल से पन्नाधाय बाल गोपाल योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है।

ऐसे में इतने लंबे समय तक स्कूलों को बजट राशि जारी नहीं करने से कैसे योजनाओं का प्रभावी संचालन हो इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते अल्प मानदेय कर्मी कुक कम हेल्पर्स को बीते 5 माह से मानदेय के लिए तरसना पड़ रहा है।

## राष्ट्रीय स्कूली खेल तैराकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के कनिष्क खींची का चयन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** स्वामी विवेकानंद तरणताल पर जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के निर्देशन में नियमित अभ्यास करने वाले केंद्रीय विद्यालय के प्रतिभावान तैराक कनिष्क खींची का एसजीएफआई द्वारा दिल्ली में 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि कनिष्क 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय संगठन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले वे 22 से 28 नवंबर तक केंद्रीय विद्यालय, एंड्रयूज गंज, दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयनित हुए। उनके चयन पर विवेकानंद खेल विकास संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी सहित सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष धनराज गांछा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, कमल सिंह राणावत, अब्बास अली कायमखानी, यमुना प्रसाद यादव और अन्य पदाधिकारियों ने कनिष्क को शुभकामनाएं दीं। सहायक प्रशिक्षक छगनलाल और ओमप्रकाश बैरवा ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल की कैद

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पोक्सो कोर्ट संख्या-2 भीलवाड़ा की विशिष्ट न्यायाधीश अर्चना मिश्रा ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में बड़लियास निवासी कमलेश पुत्र सत्यनारायण ढोली को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार शुक्ला के अनुसार पीडित्ता की ओर से उप थाना बड़लियास में दर्ज रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि 29 अप्रैल 2022 की सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच वह अपनी बड़ी बहन के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान बहन जब चाय बनाने बाहर गई, तभी आरोपी कमलेश खुले दरवाजे से घर में घुसा और अंदर से दरवाजा बंद कर पीडित्ता से जबरन दुष्कर्म किया। चीख-पुकार सुनकर बहन और भाई तुरंत मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। परिजनों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के बाद दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाहों के बयान और 21 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। उपलब्ध सभी साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देकर कठोर सजा सुनाई।

## यूरिया खाद की समस्या हल करने एवं कालाबाजारी रोकने की मांग को लेकर कांग्रेस 02 दिसंबर को सौंपेगी ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** संपूर्ण राजस्थान सहित क्षेत्र में चल रहे यूरिया खाद संकट और बढ़ती कालाबाज़ारी से त्रस्त किसानों की आवाज़ को मजबूती देने के उद्देश्य से निंबाहेड़ा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी 02 दिसंबर को राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप अपना रोष व्यक्त करेंगे। निंबाहेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संपत धाकड़ ने बताया कि रबी फसल की तैयारी के अहम समय में किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पाने तथा खुले बाजार में महंगे दामों पर बिक्री की शिकायतों ने ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर असंतोष पैदा कर दिया है। साथ ही कालाबाजारी करने वाले लोग किसानों को मिलने वाली यूरिया खाद को तकनीकी यूरिया के कट्टे में भरकर दूसरे प्रदेशों में भेज रहे हैं जिससे खाद का संकट गहरा गया है। इसी मुद्दे को प्रमुखता देते हुए कांग्रेस पार्टी 02 दिसंबर को पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान किसानों की वास्तविक समस्याओं की ओर आकर्षित करेगी। जानकारी के अनुसार, पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में कांग्रेसजन एवं किसान 02 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे, उदयपुर रोड पर कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पब्लिक पार्क मैं एकत्रित होकर उपखंड कार्यालय जाएंगे जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी को

## संत दिग्विजय रामजी महाराज का 33 वाँ जन्मोत्सव बुधवार को 'एक शाम गुरुदेव के नाम' भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** निंबाहेड़ा में 3 दिसम्बर बुधवार को संत दिग्विजय रामजी महाराज का 33 वाँ जन्मोत्सव एक भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। एक शाम गुरुदेव के नाम से आयोजित होने वाला यह पावन आयोजन गुरु-भक्ति, सनातन धर्म की समृद्ध परंपराओं और अध्यात्मिक चेतना का उत्कृष्ट संगम सिद्ध होगा। बुधवार को प्रातः10:00 बजे गौ सेवा एवं गौ पूजन (कल्लाजी विश्वविद्यालय) , इस पावन अवसर पर सोनी (माहेश्वरी) परिवारजन द्वारा,प्रातः 10.00 बजे कल्लाजी विश्वविद्यालय परिसर में गौ सेवा एवं गौ पूजन का आयोजन किया जाएगा। गौ माता की सेवा, पूजन और आशीर्वाद की यह परंपरा सनातन धर्म के आदर्शों और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाने का दिव्य प्रयास है। श्रद्धालुजन इस पुण्य अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे।

## दो उचित मूल्य दुकानदारों के प्राधिकार-पत्र निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़,(नि.स.)।** उचित मूल्य दुकानदार वार्ड संख्या 2 नगर पालिका भवानीमण्डी, तहसील पचपहाड़ गजेन्द्र एफपीएस कोड 2675 तथा वार्ड संख्या 2 नगर पालिका भवानीमण्डी तहसील पचपहाड़ बालू सिंह एफपीएस कोड 2654 द्वारा राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के तहत जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों की स्पष्ट अवहेलना किये जाने पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दोनों उचित मूल्य दुकानदारों को जारी प्राधिकार पत्र को अग्रिम आदेशों अथवा 90 दिवस की अवधि तक निरस्तीकरण की प्रक्रिया विचाराधीन रखते हुए निलम्बित किया गया है। यह जानकारी जिला रसद अधिकारी देवराज रवि ने दी।

# नगर पालिका कपासन क्षेत्र में करोड़ों रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का विधायक जीनगर ने किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** नगर क्षैत्र में विभिन्न विकास कार्यों का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के आतिथ्य में सोमवार को शिलान्यास किया गया।साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धार्मिक एवं सेवा कार्यों का आयोजन कर विधायक जीनगर को जन्मदिवस की बधाई दी गयी। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र में करोड़ों रुपयों की लागत के निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों का विधायक अर्जुनलाल जीनगर के आतिथ्य एवं क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।जिसके अंतर्गत नगर के राजमार्ग स्थित सांवलियाजी स्वागत द्वार शिलान्यास,डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्यान एवं छत्रपति शिवाजी चौक में नवनिर्मित सर्कल उद्घाटन,उपजिला स्वास्थ्य केंद्र कपासन में डिजिटल एक्सरे मशीन,एंबुलेंस व लेबोरेट्री भवन का उद्घाटन आदि करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का विधायक जीनगर द्वारा भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।

इधर विभिन्न विकास कार्यों के साथ सोमवार को कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा अपने जन्मदिवस पर विधानसभा क्षेत्र में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन लाभ प्राप्त कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की गयी।साथ ही भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिवस पर विधायक जीनगर का क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर पुष्प वर्षा,माल्यार्पण,उपरना व मेवाड़ी परंपरानुसार पगड़ी- साफा बंधन,विविध धार्मिक आयोजनो एवं भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया।इस मौके नगर कपासन स्थित एसआर वाटिका परिसर में विधायक जीनगर के जन्मदिवस पर विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं स्वदेशी मेला मेले का आयोजन किया गया।

इस दौरान सहकारिता मंत्री गौतम दक,पूर्व मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी,भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी,बेंगू विधायक सुरेश धाकड़,भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी,चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,सांवरियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष हजारीदास,नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एजाज अली,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मि_लाल जाट,कमलेश पुरोहित,श्रवण सिंह राव,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी आदि भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** बेरोजगारी व वोट चोरी सहित युवाओं व छात्रों के विभिन्न मुद्दों को लेकर एनएसयूआई के बेनर तले जिलाध्यक्ष संजय राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संजू सेन ने बताया कि कार्यकर्ताओं को संजय राव ने संबोधित करते हुए महाविद्यालयों और विद्यालयों में स्टाफ की कमी व शिक्षा के गिरते स्तर को गंभीर समस्या माना है। बेरोजगार युवाओं के रोजगार की मांग उठाते हुए राव ने कहा कि एसआईआर की आड़ में मतदाताओं को वोट देने के हक से वंचित कर वोट चोरी के द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आशा राम गाडरी ने सीमेंट फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को मौका देने के साथ ही शहर की समस्याओं की ओर ध्यान देने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बना कर मुख्यमंत्री भजन लाल का पुतला दहन किया और बाद में राज्यपाल के नाम तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इस दौरान यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक दीपक सिंह राठौड़, वरिष्ठ महासचिव युवराज श्रीमाली, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष महेंद्र छापरवाल, पूर्व प्रदेश महासचिव रामकिशन चौधरी, प्रदेश सह सचिव खुमेंद्र गुर्जर, पूर्व जिला महासचिव यशप्रताप सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रोमिल चौधरी, पंकज शर्मा, प्रदेश महिला सचिव सफ़ीना खान, सेवादल शहर अध्यक्ष सना खान, दिग्विजय सिंह चुंडावत, अल्पेश गोस्वामी, मनीष सुथार, विजय भाटी, एड रज़ा शेख, अविनाश आचार्य, रवि जायसवाल, विक्रम अहीर, पूजा शर्मा, मुस्कान, कोमल सुथार, खुशबू लोधा के साथ ही कांग्रेस जिला महामंत्री अहसान पठान, जिला सचिव आशीष त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष इम्तियाज़ लौहार, दिनेश शर्मा, गोविन्द कोठारी, लक्ष्मी नारायण कुमावत, अजय लोट, शौकीन पूर्बिया, इरफान खान, जेपी रैगर, लक्ष्मी नारायण शर्मा, फतह लाल प्रजापत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा अभियान: ज्यादातर बाल वाहिनियां नियमविहीन पाई गईं, चालान की कार्यवाही शुरू

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के औचक निरीक्षण में उजागर हुई गंभीर कमियां

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) ब्यावर की टीम ने सोमवार को शहर की विभिन्न स्कूल बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से मिले निर्देशों की पालना में किए गए इस निरीक्षण में ज्यादातर स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। निरीक्षण दल में डालसा सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कमल कुमार, जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, प्राचार्य रोहित जैन, कपिल शर्मा, व्याख्याता ओमप्रकाश कुमावत तथा ट्रैफिक पुलिस टीम शामिल रही।

डालसा सचिव कमल कुमार ने बताया कि राज्यभर में बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरी जाने वाली बाल वाहिनियों की शिकायतों पर उच्चाधिकारियों ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। निरीक्षण के दौरान कई वाहनों में अनुज्ञा पत्र, बीमा, फिटनेस, जीपीएस, लोहे की ग्रिल, अग्निशमन यंत्र, वाहन के पीछे स्कूल व चालक का नाम आदि अनिवार्य सुरक्षा तत्व मौजूद नहीं पाए गए, जो बच्चों के लिए गंभीर खतरा हैं ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग ने मौके पर ही कई वाहनों के चालान किए और सभी को तुरंत मानक पूरे करने के निर्देश दिए सचिव ने स्कूल प्रिंसीपलों व चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना मानक पूरे किए एक भी वाहन सडक़ पर नहीं चलेगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रमों के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई जा रही है तथा जिन चालकों ने मानक पूरे नहीं किए, उनके चालान किए जाएंगे या वाहन जब्त किए जाएंगे अभिभावकों से अपील की गई कि वे बच्चों को ऐसे वाहनों में न भेजें जो सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते। इसके साथ ही कहा गया कि नाबालिग बच्चों को स्वयं वाहन चलाकर स्कूल जाने की अनुमति बिल्कुल न दें।

## औद्योगिक क्षेत्र को बड़ी सौगात विधायक कोठारी ने शुरू कराया महत्वपूर्ण संपर्क सडक़ का नवनिर्माण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** शहर के विकास को नई दिशा देते हुए विधायक अशोक कोठारी ने आवरी माता से 200 फीट रोड होकर रीको चतुर्थ फेज औद्योगिक क्षेत्र को सिक्स लेन मार्ग से जोडऩे वाली लंबे समय से जर्जर पड़ी सडक़ के नवनिर्माण और डामरीकरण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने और सडक़ निर्माण समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सडक़ बनने से औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले हजारों मजदूरों, कर्मचारियों और उद्योग संचालकों को सुगम यातायात उपलब्ध होगा। यही नहीं, रायपुर, बागौर, पिथास, घोड़ास, मेजा और कोटड़ी की ओर से भीलवाड़ा आने वाले ग्रामीणों को भी अब अधिक सीधा, सुरक्षित और कम समय लेने वाला मार्ग मिलेगा। सडक़ निर्माण के दौरान बीच में आने वाली निजी भूमि को स्थानीय लोगों के सहयोग से अधिग्रहित कर लिया गया है, जिससे सडक़ को बिना मोड़ सीधे मार्ग के रूप में बनाया जा रहा है।

### सम्पर्क पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में झालावाड़ प्रदेश में फिर से बना सिरमौर

## जिले की इस सफलता को नियमित बनाए रखना आवश्यक- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़,(नि.स.)।** आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों को तत्परता से झालावाड़ जिला एक बार पुनः सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण के कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा भी शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

जिला कलक्टर राठौड़ ने कहा कि यह उपलब्धि सम्पूर्ण टीम झालावाड़ की तत्परता का परिणाम है। लेकिन अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि इस उपलब्धि को नियमित बनाए रखें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में भी जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं के एन्युमरेशन फार्म डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके लिए भी संबंधित सभी कार्मिक बधाई के पात्र हैं।

जिला कलक्टर ने आगामी दिनों में इसी प्रकार टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं में निरन्तर अच्छा कार्य करते हुए प्रगति लाने की बात कही।

**कोई सरकारी भवन या जमीन पट्टे से वंचित न रहे :** बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में स्थित कोई भी सरकारी भवन व जमीन पट्टे से वंचित न रहे। इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी विभागों द्वारा पट्टों से वंचित भवनों व जमीनों की सूची तैयार कर ली गई है। जिला कलक्टर ने कहा कि जल्द से जल्द इन पट्टों के लिए संबंधित विभाग द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजस्व विभाग में आवेदन करें और पट्टा आवंटित करवाएं। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, जलदाय, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, सहकारिता, रसद, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ अभिषेक चारण सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेवा का नया आयामः पार्श्वनाथ जैन चिकित्सालय में डायलिसिस केंद्र का शुभारंभ

# आमजन की राहत का बड़ा कदम-पार्श्वनाथ जैन चिकित्सालय में जिले की सबसे बड़ी डायलिसिस यूनिट शुरू

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** सेवा ही धर्म की भावना को केंद्र में रखते हुए पार्श्वनाथ जैन चिकित्सालय ने चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया है। नवगठित कार्यकारिणी के प्रयासों और सुविचारित योजनाओं से चिकित्सालय ने कम समय में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। अध्यक्ष पुखराज बोथरा (बैंगलोर) के मार्गदर्शन और कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी बोथरा की सतत देखरेख में चिकित्सालय को उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष बोथरा ने कहा कि चिकित्सालय का उद्देश्य सदैव आमजन को निःस्वार्थ भाव से सेवा उपलब्ध कराना है। समाज के सहयोग से चिकित्सालय का विस्तार और आधुनिक सुविधाओं का समावेश निरंतर जारी है जिला कलेक्टर कमलराम मीना ने सोमवार को डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। डायलिसिस यूनिट में स्थापित उन्नत मशीनों ने किडनी रोगियों को दूर-दूर के शहरों में जाने की परेशानी से राहत प्रदान की है। 13 बेड की क्षमता वाली यह यूनिट जिले की सबसे बड़ी डायलिसिस सुविधा बनकर उभरी है चिकित्सालय के भवन विस्तार का कार्य तेज गति से जारी है। विस्तृत ओपीडी कक्ष, पृथक दंत विभाग, आधुनिक वार्ड और कॉटेज निर्माणाधीन हैं, जिससे परिसर का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर तैयार किया गया है, जहाँ जटिल शल्यक्रियाएँ भी सुरक्षित रूप से संपादित की जा सकेंगी चिकित्सालय में प्रत्येक रोग के लिए विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है, जिससे क्षेत्रवासियों को एक ही छत के नीचे संपूर्ण उपचार उपलब्ध होगा इन सभी प्रयासों में *वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन. अजीत कुमार चोरडिया (चेन्नई), उपाध्यक्ष गौतम चंद बोहरा (चेन्नई), मंत्री कमलेश कुमार मोदी, सह मंत्री महावीर चंद्र नहर, कोषाध्यक्ष मनीष काकरिया, प्रचार मंत्री पदम विनायकिया, समन्वयक ज्ञानचंद विनायकिया तथा सीईओ विपिन छाजेड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा* चिकित्सालय प्रबंधन का कहना है कि समाज के निरंतर सहयोग से सेवा, समर्पण और आधुनिकता का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# साइक्लोन दितवाह कमजोर होकर गहरे दबाव में बदला

## तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट, पुडुचेरी में स्कूल बंद; श्रीलंका में 334 लोगों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**अमरावती/चेन्नई/पुडुचेरी।** बंगाल की खाड़ी में चक्रवात दितवाह कमजोर होकर गहरे दबाव (डीप डिप्रेशन) में बदल गया है। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि समुद्र में दितवाह की लोकेशन चेन्नई से 140 किलोमीटर और पुडुचेरी से 90 किलोमीटर दूर स्थित है।

तमिलनाडु में चक्रवात के कारण भारी बारिश-बाढ़ से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पुडुचेरी में भी एहतियात के तौर पर सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारत से पहले चक्रवात दितवाह ने श्रीलंका में जमकर तबाही मचाई। यहां अब तक 334 लोगों की मौत हो चुकी है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। दितवाह के कारण श्रीलंका में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और कई लैंडस्लाइड हुए।

### तमिलनाडु के इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने तूफान दितवाह के चलते तमिलनाडु के कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां पर रविवार को दिनभर बारिश हुई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है। इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित की हैं।

आईएमडी ने मछुआरों के लिए तमिलनाडु-पुडुचेरी तट, मन्नार की खाड़ी, कोमोरिन तट, दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के साथ और उसके आस-पास समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है।

# प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट, पारा गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अब सर्दी फिर से बढ़ने लगी है। प्रदेश के कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 1 से 3 डिग्री तक गिर गया। सीकर, अलवर, चूरू, श्रीगंगानगर समेत कुछ शहरों में कल (30 नवंबर) न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे यानी सिंगल डिजिट में पहुंच गया। सबसे कम तापमान रविवार को बीकानेर के पास लूणकरणसर में दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, सोमवार और मंगलवार को राज्य में इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। 3 दिसंबर से राज्य के कुछ शहरों में शीतलहर का दौर शुरू होगा, जिसके चलते शेखावाटी के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई शहरों में आसमान में हल्की धुंध छाई रही, जिससे धूप कमजोर रही। जयपुर, अजमेर, सीकर, नागौर, बाड़मेर, जोधपुर समेत कई शहरों में रविवार को धूप कमजोर रहने से दिन में भी ठंडक का असर रहा। बाड़मेर में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जोधपुर में अधिकतम तापमान 29.4, फलोदी में 27.2, जैसलमेर में 26.9, उदयपुर में 27.4, कोटा में 27.4, जयपुर में 26, अजमेर में 25.7, बीकानेर में 26.6 और चूरू में 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 25.7, चित्तौड़गढ़ में 28.6, सीकर में 25.5, अलवर में 25, भीलवाड़ा में 27.4, वनस्थली (टोंक) में 26.2, हनुमानगढ़ में 27.1, जालौर में 29.4, बारां में 26.7 और सिरोही में 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### 3 दिसंबर से शीतलहर चलने का अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ अभी उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों पर सक्रिय है। इसके कारण अभी उत्तरी हवाएं कमजोर हैं। यह सिस्टम 2-3 दिसंबर तक सक्रिय रहेगा। इस सिस्टम के आगे जाने के बाद उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों से फिर बर्फीली हवाएं चलेंगी, जिससे राजस्थान सहित अन्य मैदानी राज्यों (हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश) में सर्दी तेज होगी और कई शहरों में शीतलहर चलने लगेगी। राजस्थान के झुंझुनूं और सीकर जिलों में 3 और 4 दिसंबर को शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी।

# दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण, सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ किसान जिम्मेदार नहीं

## कोविड में भी पराली जलाई फिर भी आसमान साफ था; सरकार एक्शन प्लान पर दोबारा विचार करे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को फटकार लगाई। अदालत ने वायु प्रदूषण के लिए सिर्फ किसानों को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पराली जलाना नया नहीं है। 4-5 साल पहले कोविड और लॉकडाउन के दौरान भी पराली जलाई जा रही थी फिर भी आसमान साफ और नीला दिखाई देता था, अब क्यों नहीं? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस बागची की बेंच ने कहा कि पराली जलाने से जुड़ी बहस को राजनीतिक या अहंकार का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। दिल्ली की जहरीली हवा के कई कारण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बढ़ते एयर पॉल्यूशन के पीछे पराली जलाने के अलावा दूसरे कारणों का साइंटिफिक एनालिसिस भी किया जाना चाहिए। अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।



# रणथम्भौर फोर्ट में दिखा बाघिन का शावक

## नौलखा गेट के पास सीढ़ियों पर खड़ा था

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** वर्ल्ड हेरिटेज रणथम्भौर दुर्ग में बाघ, बाघिन और शावकों के आने का सिलसिला थम नहीं दे रहा है। हालांकि पिछली बार मानव बाघ संघर्ष के बाद वन विभाग की ओर से दो शावकों को रणथंभौर से बाहर भेज दिया था। इसके बाद अब एक बार फिर बाघिन रिद्धि के एक शावक ने रणथम्भौर दुर्ग में दस्तक दी है, इसके कारण लोगों में भय का माहौल है।

### नौलखा गेट पर नजर आया शावक, श्रद्धालु हुए भयभीत

रणथम्भौर नेशनल पार्क के जोगी महल गेट के सामने त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाली सीढ़ियों के पास स्थित नौलखा गेट पर शाम करीब 5 बजे बाघिन रिद्धि का शावक नजर आया। इस दौरान गणेश मंदिर से लौट रहे श्रद्धालु शावक को देख भयभीत हो गए।

इस दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने शावक के मूवमेंट को अपने कैमरे में कैमरे कैद कर लिया। फिलहाल रणथम्भौर दुर्ग में अचानक से शावक के दिखाई देने से श्रद्धालुओं में भय का माहौल है।

शावक के मूवमेंट से अनहोनी की आशंका बनी हुई है। बता दें कि इससे पहले रणथम्भौर दुर्ग में 6 महीने पहले शेरपुर निवासी राधेश्याम माली की बाघ के हमले से मौत? हो गई थी। राधेश्याम माली रणथम्भौर दुर्ग स्थित जैन मंदिर में चौकीदार का काम करता है। इसके बाद? अब फिर से यहां टाइगर मूवमेंट ने सभी को आशंकित कर दिया है।



# हाईकोर्ट ने बस्सी बार के अध्यक्ष-महासचिव को किया तलब : आगामी चुनावों में रेवेन्यू कोर्ट के अधिवक्ताओं को नहीं कर रहे थे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बस्सी बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों में रेवेन्यू कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को शामिल नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीत पुरोहित की बैंच ने मामले में सुनवाई करते हुए बार के अध्यक्ष, महासचिव सहित चुनाव समिति के पदाधिकारियों को तलब किया है। अदालत ने यह आदेश बार के जॉइंट सैक्रेटरी विकास कुमार व अन्य अधिवक्ताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सभी को 4 दिसम्बर को हाईकोर्ट में पेश होना है। अधिवक्ता रामरख शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों में रेवेन्यू कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को शामिल नहीं किया जा रहा है। उनके शपथ पत्र नहीं लिए जा रहे है। जिससे वे चुनाव लड़ने और वोट कास्ट करने से वंचित हो रहे हैं।

### अधिवक्ताओं के दो गुटों में हुआ था झगड़ा

दरअसल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राजस्थान में बार चुनावों में %वन बार,वन वोट% की नीति लागू की गई है। जिसके तहत प्रत्येक वकील को चुनाव से पहले शपथ पत्र देकर यह बताना होगा कि वह किस बार में वोट देना चाहता हैं। अधिवक्ता जिस बार का शपथ पत्र देंगे, वे केवल उसी बार की चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। याचिका में कहा गया कि रेवेन्यू कोर्ट की कोई रजिस्टर्ड बार नहीं है। ऐसे में वकील बस्सी बार एसोसिएशन में ही सालों से शामिल हो रहे है।

# सरकार बनने के 2 साल बाद कार्यकर्ताओं की सुनवाई

## शेड्यूल जारी नहीं होने से कम संख्या में पहुंचे, डिप्टी सीएम बैरवा को भी सुबह मिली जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकार बनने के करीब दो साल बाद सोमवार से बीजेपी ऑफिस में मंत्रियों ने कार्यकर्ता सुनवाई शुरू कर दी हैं। पहले दिन आज डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कार्यकर्ताओं की सुनवाई की। हालांकि कार्यकर्ताओं की संख्या काफी कम रही। दरअसल, बीजेपी ऑफिस से मंत्रियों की सुनवाई का शेड्यूल जारी नहीं हुआ था। ऐसे में कार्यकर्ताओं में असमंजस था कि आज कार्यकर्ता सुनवाई होगी या नहीं। वहीं बताया ये भी जा रहा है कि बैरवा को आनन-फानन में सुबह साढ़े 9 बजे फोन करके कार्यकर्ता सुनवाई करने के लिए कहा गया। वहीं उसके बाद मंत्री हीरालाल नागर को भी सुनवाई के लिए बुलाया गया। वसुंधरा राजे के दूसरे कार्यकाल में बीजेपी ऑफिस में मंत्रियों की जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। उस समय कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की सुनवाई भी होती थी। इस बार बीजेपी ने इसे केवल कार्यकर्ताओं तक ही सीमित रखा हैं।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा- मंत्री अपने आवास और सचिवालय में जनसुनवाई करते हैं लेकिन बीजेपी ऑफिस में केवल कार्यकर्ता सुनवाई होगी। जो भी कार्यकर्ता आएंगे, उन्हें संबंधित पदाधिकारी वेरिफाई करेंगे कि यह बीजेपी का कार्यकर्ता हैं। उसके बाद समस्या का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।



### सोमवार से बुधवार को होगी कार्यकर्ता सुनवाई

बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया- भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए 1 दिसंबर से प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

# सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर, सोना 1.28 लाख और चांदी 1.75 लाख पार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेज बढ़ोतरी देखी गई, जिससे सोने का दाम 1,28,800 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 1,75,180 रुपए प्रति किलो के पार चला गया।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 2,209 रुपए बढ़कर 1,28,800 रुपए हो गई, जबकि 22 कैरेट सोना 1,17,981 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोना 96,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी में तेजी और अधिक रही।

# संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया है। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं।

इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# भगोड़े आर्थिक अपराधियों का राज़ खुला : 15 पर 58,000 करोड़ की देनदारी, विजय माल्या और नीरव मोदी का भी नाम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि 31 अक्टूबर, 2025 तक भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत कुल 15 व्यक्तियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है। यह जानकारी संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा सदस्य और दौसा से कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा द्वारा उठाए गए एक अतारांकित प्रश्न के उत्तर में साझा की गई। मीणा ने लोकसभा में वित्त मंत्री से पूछा कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत आज तक कितने व्यक्तियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर किए गए वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में; इन घोषित भगोड़े आर्थिक अपराधियों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को हुई कुल वित्तीय हानि (रुपये में) का विवरण, नाम-वार और बैंक-वार; निपटान में शामिल व्यक्तियों का नाम और संख्या, संबंधित बैंकों के नाम, निपटाई गई राशि और दी गई छूट। चौधरी ने कहा कि इन 15 अपराधियों में से नौ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ बड़े पैमाने पर की गई वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल हैं। इस सूची में विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि इन 15 भगोड़े आर्थिक अपराधियों (स्नश्वह्र) ने सामूहिक रूप से 31 अक्टूबर, 2025 तक बैंकों को 26,645 करोड़ रुपये का मूल वित्तीय नुकसान पहुँचाया है। इसके अलावा, इन ऋणों पर एनपीए बनने की तिथि से 31 अक्टूबर, 2025 तक अर्जित ब्याज 31,437 करोड़ रुपये है। चौधरी ने सदन को बताया कि 31 अक्टूबर, 2025 तक इन अपराधियों से 19,187 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। घोषित भगोड़े आर्थिक अपराधियों के नाम हैं- विजय माल्या, नीरव मोदी, नितिन जे संदेसरा, चेतन जे संदेसरा, दीप्ति सी संदेसरा, सुदर्शन वेंकटरमन, रामानुजम शेषरत्नम, पुष्पेश कुमार बैद और हितेश कुमार नरेंद्रभाई पटेल। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ऐसी कोई नीति बना रही है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसे अपराधियों को भविष्य में कानूनी प्रतिबंधों या निगरानी सूची के माध्यम से देश छोड़ने से रोका जा सके, पंकज चौधरी ने कहा कि वर्तमान में ऐसी कोई नीति तैयार नहीं की जा रही है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।